Research Current, ISBN : 978-81-951728-0-1

नयी शिक्षा नीति 2020 में गांधीवादी विचार

रिंकू सुखवाल
पूर्व व्याख्याता
शिक्षा विभाग
हाड़ी रानी टी.टी कॉलेज
मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय
उदयपुर, राजस्थान, भारत

Social Research Foundation, Kanpur

"Gandhiji has secured a unique place in the galaxy of the great teachers who have brought fresh light in the field of education-"

- Dr.M.S.Patel

किसी भी देश का विकास उस देश की शिक्षा पर निर्भर करता है। शिक्षा राष्ट्रीय विकास का प्रमुख साधन है। शिक्षा की प्रगति विकास के मापदंड को निर्धारित करती है। शिक्षा नीति किसी भी राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देती है। हमारी शिक्षा नीति 1986 से चली आ रही थी। बदलती आवश्यकताओं और परिवेश में इसमें बदलाव आवश्यक था। क्योंकि कोई भी शिक्षा नीति पूर्ण और निश्चित नहीं होती। बदलते वैश्विक परिवेश में ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था की आवश्यकताओं की पूर्ति करने तथा वैश्विक स्तर पर भारतीय शिक्षा व्यवस्था की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए शिक्षा नीति में परिवर्तन आवश्यक था। ऐसे में केंद्रीय सरकार के द्वारा 29 जुलाई 2020 में एक नई शिक्षा नीति की घोषणा की गई। इसमें प्राथमिक बाल्यावस्था से लेकर उच्च एवं उच्चतर स्तर तक कई महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं। प्रत्येक शिक्षा नीति अपने देश की वर्तमान आवश्यकताओं, परिस्थितियों तथा दर्शन पर आधारित होती है। इसी प्रकार नई शिक्षा नीति 2020 भी आधुनिक शैक्षिक विचार धाराओं, दर्शन ,आधुनिक आवश्यकताओं

के साथ–साथ गांधीवादी विचारधारा से प्रभावित है। आज से लगभग 100 साल पहले गांधीजी ने शिक्षा संबंधी जो अपने विचार, दर्शन प्रस्तुत किए थे, आज उन्हें नई शिक्षा नीति 2020 में क्रियान्वित करने का प्रयास किया जा रहा है। इस नीति में ऐसे बहुत से पहलू है जो गांधीवादी विचारधारा से प्रभावित है।

गांधी जी का शिक्षा दर्शन उनके जीवन दर्शन पर आधारित है। उनके अनुसार सत्य, अहिंसा, त्याग, निष्ठा एवं सहानुभूति आदि मानवीय गुणों को शिक्षा द्वारा प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने शिक्षा की गतिशीलता के पक्ष को अपने शिक्षा दर्शन में समाहित किया था। गांधीजी के अनुसार शिक्षा का उद्देश्य बालक को शारीरिक, मानसिक, चारित्रिक, बौद्धिक एवं अध्यात्मिक गुणों को उत्तेजित करके उसका समुचित विकास करना होना चाहिए। जिससे वह भविष्य में अपनी आर्थिक आवश्यकताओं की पूर्ति स्वयं कर सकें और समाज का उपयोगी अंग बन सकें। वह ऐसी शिक्षा चाहते थे जो बालक को स्वावलंबी बना सकें, जो स्वयं आर्थिक, सामाजिक, नैतिक और बौद्धिक सभी प्रकार से स्वावलंबी हो। इसके अलावा शिक्षा का लक्ष्य बालक में नागरिक गुणों जैसे– सामाजिकता, कर्तव्यपरायणता, कर्म निष्ठा, कर्तव्य पालन, उत्तरदायित्व को समझना तथा प्रेम, सत्य, सहानुभूति सहयोग आदि गुणों को विकसित कर सकें। उनके अनुसार शिक्षा रुचिकर और उपयोगी होनी चाहिए जो बालक को क्रियाशील होने के अवसर दें उसका स्वतंत्र विकास होने दें। बालक को किसी भी स्थानीय उद्योग एवं हस्तशिल्प के माध्यम से शिक्षा दी जाए जिससे बालक अपने भावी जीवन में स्वावलंबी बन सकें। शिक्षा के इस उद्देश्य से गांधीजी का तात्पर्य बालकों को मजदूर बनाना नहीं था बल्कि वह चाहते थे कि प्रत्येक बालक कमाते हुए कुछ सीखें और सीखते हुए कुछ कमाए। उनका मानना था कि सभी विषयों की शिक्षा किसी स्थानीय उद्योग के माध्यम द्वारा दी जानी चाहिए। गांधीजी की क्रियाशीलता तथा ''करके सीखना सिद्धांत'' में विश्वास करते थे। क्रिया को उन्होंने शिक्षण में बहुत महत्व दिया और कहा कि बिना क्रिया के सीखना संभव नहीं है।

Social Research Foundation, Kanpur

उनकी बेसिक शिक्षा बालकों को क्रियाशीलता से जोड़ती है। क्रिया द्वारा बालक को अनुभव प्राप्त होगा। बालक को कार्य प्रयोग एवं खुद के द्वारा उसकी शारीरिक मानसिक और आध्यात्मिक शक्तियों का विकास करवाना चाहिए। उन्होंने शिक्षा को जीविकोपार्जन का प्रमुख उद्देश्य माना है। वह शिक्षा जो रोजी–रोटी ना दे सके, आत्मनिर्भर ना बनाए, बेरोजगार रहने दे।, वह व्यर्थ है, बिना आत्मनिर्भरता के व्यक्तित्व का कोई पक्ष विकसित नहीं हो सकता। तथा गांधीजी के अनुसार हस्त कला को चुनते समय बालक के सामाजिक, प्राकृतिक परिवेश, उसकी स्वाभाविक प्रवृत्ति तथा रुचि को ध्यान में रखा जाना चाहिए। गांधी जी की शिक्षा योजना मुख्यतः प्राथमिक एवं लघु माध्यमिक कक्षा स्तर तक ही सीमित है।

नयी शिक्षा नीति 2020 में अध्याय प्रथम जो कि प्राथमिक शिक्षा से संबंधित है। इसमें लचीली, बहुआयामी, बहुस्तरीय खेल आधारित, गतिविधि आधारित तथा खोज आधारित शिक्षा पर बल दिया गया है। इसके अतिरिक्त, ''भाषा, अक्षर, गिनती संख्या, रंग, आकार, इंडोर एवं आउटडोर खेल, पहेलियां और तार्किक सोच, समस्या समझाने की कला, चित्रकला, अन्य दृश्य कला, शिल्प, नाटक, कठपुतली, संगीत तथा अन्य गतिविधियों को शामिल किया गया है। इसके साथ–साथ अन्य कार्य जैसे सामाजिक कार्य, स्वच्छता, समूह में कार्य करना, मानवीय संवेदना, अच्छे व्यवहार, शिष्टाचार, नैतिकता, व्यक्ति और सार्वजनिक स्वच्छता और आपसी सहयोग को विकसित किए जाने पर भी शिक्षा नीति में ध्यान केंद्रित किया जाएगा और प्रारंभिक शिक्षा का उद्देश्य बच्चों का शारीरिक, संख्यात्मक, समाजिक, संवेगात्मक, सांस्कृतिक विकास, प्रारंभिक भाषा, कला, कहानियां, कविता खेल को इसमें शामिल करना होगा (1.2)।'' इसके अलावा राज्यों को कला व विज्ञान मानविकी भाषा के शिल्प और व्यवसायिक विषयों सहित व्यापक श्रेणी के विषयों को अधिक से अधिक लचीला बनाने के लिए ध्यान देना होगा।

शिक्षा नीति का अध्याय दो बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान पर बल देता है। शिक्षा प्रणाली की सर्वोच्च प्राथमिकता 2025 तक प्राथमिक

Social Research Foundation, Kanpur

विद्यालयों में सार्वभौमिक मूलभूत साक्षरता और संख्या ज्ञान प्राप्त करना होगा। सीखने की बुनियादी आवश्यकता (अर्थात मूलभूत स्तर पर पढ़ना, लिखना और अंकगणित) को हासिल करने पर ही विद्यार्थियों के लिए बाकी नीति प्रासंगिक होगी। गांधी जी ने भी दैनिक जीवन की व्यावहारिक समस्याओं को हल करने के लिए अंकगणित, एवं लिखना, पढ़ना आवश्यक माना है। एक स्थान पर उन्होंने लिखा है, ''लिखने से पहले पढ़ना सिखाया जाए। और वर्णमाला के अक्षर सिखाने से पहले ड्राइंग सिखाई जाए।''

शिक्षा नीति का अध्याय चार बहुभाषावाद से संबंधित है। स्थानीय एवं मातृभाषा को इसमें विशेष महत्व दिया गया है। गांधी जी को भी अपनी मातृभूमि और मातृभाषा से अटूट स्नेह था। वह भी प्रत्येक बालक को मातृभाषा में शिक्षा देने के हित में थे। स्थानीय भाषा ,प्रांतीय भाषा के पक्षधर थे। इसलिए वह स्थानीय भाषाओं को शिक्षा का माध्यम बनाना चाहते थे। उनके शब्दों में, "मुझे तो लगता है कि हमें अपनी सभी भाषाओं को चमकाना चाहिए। प्रत्येक पढ़े–लिखे भारतीयों को अपनी भाषा का ज्ञान होना चाहिए और राष्ट्रभाषा हिंदी का ज्ञान तो सबको होना ही चाहिए।" नयी शिक्षा नीति में भी इस बात को स्वीकारा गया है कि मातृभाषा में शिक्षा प्राप्त करने से बच्चे अपेक्षाकृत अच्छे ढंग से आत्मसात कर सकेंगे। अंत: नयी शिक्षा नीति के अंतर्गत, "पांचवी कक्षा तक मातृभाषा, स्थानीय, क्षेत्रीय भाषा को शिक्षा का माध्यम बनाया जाएगा। इसे कक्षा आठ या इससे भी आगे बढ़ाया जा सकता है (4.1)।" तथा विदेशी भाषा की पढ़ाई सेकेंडरी लेवल से करने का प्रावधान है। सभी भारतीय भाषाओं को संगठित, विकसित और जीवंत बनाने के लिए प्रयास किया जाएगा। ''त्रिभाषा फार्मूला रखा जाएगा तथा भाषाओं के विकल्प चुनने के लिए छात्र स्वतंत्र होंगे (4.3)।" केवल विद्यालय स्तर ही नहीं उच्च शिक्षण संस्थानों में भी बहुभाषावाद पर ध्यान केंद्रित किया गया है। ''सभी भारतीय भाषाओं की मजबूती उपयोग एवं जीवंतता को प्रोत्साहित करने के लिए उच्चतर शिक्षण संस्थानों तथा उच्चतर शिक्षा के कार्यक्रमों में मातृभाषा एवं स्थानीय भाषा को शिक्षा के माध्यम के रूप में उपयोग किया जाएगा और इसके लिए

Social Research Foundation, Kanpur

निजी प्रशिक्षण संस्थानों को भी प्रोत्साहित किया जाएगा (22.10)।" तथा भारतीय भाषाओं को स्कूल एवं उच्चतर शिक्षा के प्रत्येक स्तर के साथ एकीकृत करने की जरूरत पर बल दिया गया है। इसके अलावा यह भी व्यवस्था की जाएगी कि ''भारतीय भाषाओ, कला और संस्कृति के अध्ययन के लिए सभी आयु के लोगों के लिए छात्रवृत्ति की स्थापना की जा सके, जिससे भारतीय भाषाओं को विकास का अवसर मिल सकें (22.20)।

अध्याय ग्यारह समग्र और बहुविषयक शिक्षा पर बल देता है। गांधी जी ने भी शिक्षा में हस्त शिल्प एवं कौशल शिक्षा के साथ–साथ सभी विषयों को समान महत्व दिया है। गणित, रेखा गणित, वाणिज्य, सामाजिक अध्ययन, सामान्य विज्ञान, शारीरिक शिक्षा, संगीत, चित्रकला तथा भाषा। इसके अलावा कौशल एवं हस्तकला को ध्यान में रखते हुए पुस्तक कला, गृह विज्ञान, लकड़ी का काम, बागवानी, कृषि मिट्टी के बर्तन आदि को पाठ्यक्रम में शामिल करने पर बल दिया था। उनका मानना था कि सभी विषयों की शिक्षा स्थानीय उद्योग के माध्यम द्वारा दी जानी चाहिए। उन्होंने सभी विषयों में समन्वय स्थापित करने पर बल दिया। जीवन की आवश्यकताओं और शिक्षा के उद्देश्यों में समरूपता होनी चाहिए। हस्तकला को अन्य सैद्धांतिक विषयों से संबंध स्थापित करके शिक्षण कराना चाहिए। गांधीजी के अनुसार पढ़ाई जाने वाले विभिन्न विषयों में परस्पर तारतम्य होना चाहिए जिससे सुसंगठित ज्ञान प्राप्त हो सके। बालक को ज्ञान बिखरे हुए रूप में ना मिलकर संगठित रूप में मिलें, जिससे उसके व्यक्तित्व का विकास एक इकाई के रूप में संभव हो पाए। दूसरे इससे विभिन्न विषयों का परस्पर संबंध स्थापित होगा जिससे सीखने का हस्तांतरण सरल हो सकेगा। अलग–अलग विषयों को आपस में संबंधित कर देने से ही शिक्षा के अनुभव सिद्ध सिद्धांतों की रक्षा हो सकती है।

नयी शिक्षा नीति 2020 में भी, "देश के विभिन्न उच्चतर शिक्षण संस्थाओं में भाषा, साहित्य, संगीत, दर्शन, भारत विधा, कला, नृत्य, नाट्य कला, शिक्षा, गणित, सांख्यिकी, सैद्धांतिक तथा व्यावहारिक विज्ञान ,समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र ,खेल, अनुवाद एवं व्याख्या आदि विषयों को शामिल करने पर

Social Research Foundation, Kanpur

बल दिया गया है (11.7)।" तथा "मूल्य आधारित शिक्षा में मानवीय, नैतिक संवैधानिक तथा सार्वभौमिक मूल्य जैसे सत्य, नेक आचरण, शांति, अहिंसा, वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नागरिक मूल्य और जीवन कौशल तथा सामुदायिक कार्यक्रमों में सहभागिता समग्र शिक्षा का अंग होगी। उच्चतर शिक्षा संस्थानों में इंटर्नशिप के अवसर भी उपलब्ध कराए जाएंगे (11.8)।" व्यावसायिक शिक्षा समग्र उच्चतर शिक्षा प्रणाली का ही अंग होगा। बाकी विषयों से अलग नहीं होगा। व्यवसायिक या सामान्य शिक्षा प्रदान करने वाले सभी शिक्षा संस्थान 2030 तक समेकित रूप से दोनों प्रकार की शिक्षा प्रदान करने वाले संस्थान एवं संस्थान समूह के रूप में कार्य करेंगे।

अध्याय सोलह व्यवसायिक शिक्षा से जुड़ा है, इसमें व्यवसायिक शिक्षा के प्रसार में तेजी लाने की आवश्यकता को स्वीकारा गया है। गांधी जी के शब्दो में "व्यवसाय या अनेक व्यवसाय एक लड़के लड़की के सर्वांगीण विकास का सर्वोत्तम माध्यम है और इसलिए जहां तक संभव हो पाठ्यक्रम व्यवसायिक प्रशिक्षण के चारों ओर होना चाहिए। इससे बालक विभिन्न विषयों की शिक्षा प्राप्त करने के साथ–साथ इस योग्य बन जाएगा कि भविष्य में विशेष हस्त कला में पारंगत हो कर अपनी जीविका भी उपार्जन कर सकें।" नई शिक्षा नीति 2020 में भी छात्रों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से नई शिक्षा नीति में छठी कक्षा से व्यवसायिक कोर्स शुरु कर दिए जाएंगे जिसमें इच्छुक छात्रों को छठी कक्षा के बाद से ही इंटर्नशिप करवाई जाएगी। "प्रत्येक विद्यार्थी ग्रेड 6 और 8 से राज्य और स्थानीय समुदायों द्वारा तय किए गए और स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप कोई आनंदमयी कोर्स करेंगे, जिसमें कि महत्वपूर्ण व्यवसायिक शिल्प जैसे कि बढ़ईगिरी, बिजली का काम, धातु का काम, बागवानी, मिट्टी के बर्तन निर्माण, आदि शामिल होंगें। इसके अलावा वर्ष भर में बस्ता रहित दिनों में विभिन्न कलाओं, खेल और व्यवसायिक हस्तकला को प्रोत्साहन दिया जाएगा (4.26)।"

नयी शिक्षा नीति के अनुसार, "शिक्षण संस्थानों, स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालयों को चरणबद्ध तरीके से व्यवसायिक शिक्षा के कार्यक्रमों को

Social Research Foundation, Kanpur

मुख्यधारा की शिक्षा में एकीकृत करना होगा और इसकी शुरुआत प्रारंभिक वर्षों से ही व्यवसायिक शिक्षा प्रदान करके की जाएगी, जिससे कि प्रत्येक बच्चा कम से कम एक व्यवसाय से जुड़े कौशल को सीख सके और अन्य कई व्यवसायों से भी परिचित हो सकें (16.4)।" उच्चतर शिक्षण संस्थान सॉफ्ट स्किल्स सहित विभिन्न कौशलो में कोर्स शुरू कर सकेंगे इसके जरिए भारत में विकसित महत्वपूर्ण व्यवसायिक ज्ञान से जुड़े विषयों को व्यवसायिक शिक्षा पाठ्यक्रम में एकीकरण के माध्यम से जोड़ा जाएगा। तथा ''वर्ष 2025 तक स्कूल और उच्चतर शिक्षण संस्थाओं में कम से कम 50% छात्रों को व्यवसायिक शिक्षा प्रदान करने का लक्ष्य रखा गया है (16.5)।" व्यावसायिक शिक्षा तथा अन्य शिक्षा का विकास साथ साथ होगा। ''अगले दशक में व्यवसायिक शिक्षा को चरणबद्ध तरीके से सभी स्कूलों और उच्चतम शिक्षा संस्थानों में एकीकृत कर दिया जाएगा (16.5)।" विद्यालय शिक्षा और उच्चतर शिक्षा के क्षेत्र में समता, समानता एवं समावेश से जुड़ा समान दृष्टिकोण रखा जाएगा।

गांधीजी के बुनियादी शिक्षा सिद्धांत का सर्वप्रथम सिद्धांत

जनसाधारण को शिक्षित बनाना निर्धारित किया गया था। ''जनसाधारण की अशिक्षा भारत का पाप और कलंक है। अतः उसका अंत किया जाना अनिवार्य है।" नई शिक्षा नीति में भी 2030 तक सभी के लिए समावेशी वर्तमान गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने और जीवन पर्यंत शिक्षा के अवसरों को बढ़ावा देने का लक्ष्य रखा गया है किसी भी सामाजिक और आर्थिक पृष्ठभूमि से संबंध रखने वाले शिक्षार्थियों को समान रूप से सर्वोच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध होगी।

अंत: गांधीवादी शैक्षिक दर्शन आज भी प्रबल है तथा वर्तमान आवश्यकताओं के अनुकूल है। वह ऐसी शिक्षा के पक्षधर थे जो बालक को सभी प्रकार से आत्मनिर्भर बनाकर समाज के साथ भली प्रकार समायोजन करते हुए भविष्य में अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति स्वयं कर सकें। वह पहले व्यक्ति थे जिन्होंने भारतीय जीवन को दृष्टि में रखते हुए वातावरण के अनुसार ऐसी शिक्षा योजना प्रस्तुत की जिस को कार्य रूप में परिणत करने

Social Research Foundation, Kanpur

से भारतीय समाज में एक नया जीवन आने की संभावना देखी गयी। अतः नई शिक्षा नीति 2020 में पूरा प्रयास किया गया है कि गांधीवादी दर्शन के उन सभी पक्षों को क्रियान्वित किया जाए जिससे भारत का प्रत्येक नागरिक शिक्षित एवं आत्मनिर्भरता बन सकें और वर्तमान वैश्विक आवश्यकताओं के अनुरूप अपने आप को ढाल पाए और देश विश्व पटल पर अपनी एक नई पहचान बना सकें। यह तो आने वाला समय ही तय करेगा कि देश और वैश्विक आवश्यकताओं को पूरा करने में यह कितनी कारगर सिद्ध होती है।

सन्दर्भ ग्रंथ सूची

1. *शिक्षा के दार्शनिक एवं समाज शास्त्रीय सिद्धांत, लेखक– एन. आर. स्वरूप सक्सेना और संजय कुमार 2008 ,. आर . लाल. बुक डिपो, मेरठ।*
2. *राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 मानव संसाधन विकास मंत्रालय भारत सरकार।*

Social Research Foundation, Kanpur

Research Current, ISBN : 978-81-951728-0-1

Women Dignity and Social Change

Nidhi Mehta
Assistant Professor
National College of Education
Sirsa, Haryana, India

Social Research Foundation, Kanpur

Abstract

The number of male and female in the world is almost equal. Women are an equal contributor in the transformation of society. Women play different roles at different time depending upon situations. Woman carries equal capability and potential for the upliftment of the society and nation. These different characters as a daughter, mother, working women, and entrepreneur etc. should be respected and dignified. Every invisible including all genders have the basic right to live in dignity- free of fear, violence and discrimination. India is a vast country. It is known as the country of diversity. Through centuries Indian people have developed various types of customs, traditions and practices.

These customs good as well as bad have become a part of our society. Women are worshipped like goddesses they also have given great importance to be as our daughters, sisters, wives, and mothers and other roles they play in the society. Violence against women is not inevitable. Gradually she started losing her liberty and liabilities. She started losing her own identity in the course of time. Society as a whole has still not accepted women as being equal to men and crimes or abuses against women are still on the rise. For that to change the society's age- old deep rooted mindset needs to be changed through social conditioning and awareness programmers

Every woman has equal power and equal human rights. Dignity is the right of every person. Dignity means everyone is valued and respected. So that women have the right to live with dignity such as free of fear, violence, harassment, exploitation and discrimination

Keywords: Dignity, diversity, liabilities, violence, awareness.

Introduction

Half of the total world population constitutes female, therefore half of the responsibility on the shoulder of women. Women are equal stakeholders and partner in the development of society. Equality is fundamental human right. Gender equality and equity is linked to the sustainable development, so it is a crucial factor for the development of any society and nation. Women also deserve same dignity as the men, besides equal opportunities in all spheres of life. When men and women enjoy the same rights, resources, care, support, respect, participation etc., as a result of this the society will become happier, healthier and nation becomes stronger. A strong nation is that where all types of gender live a dignified life. But harassment against weaker sections is widespread in all corners of the world. It is a bitter reality that every year thousands of women become victims of women trafficking, forced marriages, dowry etc. Any type of violence and harassment should be stopped. To maintain the dignity of women, the women should be empowered. Empowered women bring a radical change in the social pattern and relations.

Meaning of Women Dignity

Everyone has the right to live and lead a respected, dignified life. When women live in fearless environment, participate in all kinds of social activities, fulfill her own potential and capability is called dignified society. Women dignity means every woman has the right to live with the dignity that brings positive, optimistic change in the society. So women should be respected honoured and valued by every individual of the society, because they are the equal partner of the society.

Social Research Foundation, Kanpur

Meaning of Social Change

Social change is the transformation of the society in improved way. Society is a web of human interactions. So that social change is change in social relationships in a desirable way. Social relationships are the integration of social processes, social patterns and social interactions.

Women Dignity and Social Change

Society is composed of a vast and complex network of human interactions in which all men and women participate. Everyone has some potential to bring desirable changes in the society. Society can be better, improved and developed with equal sharing of duties and responsibilities between all genders. Human society is constituted of human beings. Mutual understanding between men and women takes place is a sign of social change. Respect and honour of women brings variations in the society.

Women's Rights are Human Rights

This phrase was first used in the 1980s and early 1990s. "Human rights are women's rights and women's rights are human rights". These rights include the right to live free from fear, violence and discrimination etc. Human rights are rights inherent to all human beings including men and women. Women also have the right to be educated, right to vote, and to earn equal wage. These rights claimed for women and girls worldwide and they form the basis for the women's right movement in the 19th Century and the feminist movements during the 20th and 21st centuries.

Global Feminism and Social Reforms

Movement of women's rights by social activists on a global scale is called global feminism. Feminism believes in social, economic and political equality for women. This equality in different areas brings a constant change in society. Women's decision making power creates a stronger nation. The series of campaigns occurred for reforms on some traditional issues such as discrimination, stereotypes, unequal pay and domestic violence etc. These

Social Research Foundation, Kanpur

modifications by awareness programs make a gradual change in the society.

Safety and Dignity for Women and Girls

Action Aid India promotes women's collectives that provide economic, social and political independence to women. Action Aid India recent achievements: More than 30,000 women are now part of collectives we support, 11,000 girls were trained on sexual health rights, 9,000 women were provided skills training- including craft making, weaving, zardozi work and driving, 700 women suwivors of violence received our support from various resource centres linked to Action Aid and India's first One-stop Crisis centre was set up by MP government in Collaboration with Action Aid and similar tie ups are happening in other states as well. A similar initiative called Asha- Jyoti Kendra is now underway in Uttar Pradesh.

Women Dignity for Sustainable Development

The sustainable development goals (SDGs), are also known as global goals, were adopted by all United Nations members state in 2015 as a universal call to action to end poverty, protect the planet and ensure that all people enjoy peace and prosperity by 2030. They are 17 in numbers. The goal 5 "Achieve gender equality and empower all people". Gender equality is not only a basic human right, but a strong base for a healthy, wealthy and sustainable world. Various schemes have been launched by the Government of India to achieve gender equality and women empowerment : Beti Bacho, Beti Padhao Sukanya Samriddhi Account, One Stop Center, Pradhan Mantri Ujjwala Yojana, Mahila Haat, Maternity Benefit Scheme and Women's Helpline 1091 etc.

Suggestions to Improve Women's Dignity

1. Education
2. Awareness
3. Equality and equity
4. Raise your voice
5. Support each another
6. Share the responsibilities and duties

Social Research Foundation, Kanpur

7. Get involved in social issues
8. Educate the future generation
9. Know your constitutional rights
10. Join the movements to empower women
11. Be a part of feminism
12. Actively participate in various programs launched for equality and equity

The Influence of Women's Dignity in Social Change

Sociologists define social change as changes in human interactions and relationships that transform cultural and social institutions.

A number of studies have shown that social change is impossible without women's empowerment and gender equality. Gender equality is both a human rights issue and a precondition for social change.

Social Change by Educating Girl Child

Women's education leads to significant social development. Improved cognitive abilities increase the quality of life for women. Educated women are better able to make decisions in various issues related to themselves and their children. Because of various governmental initiatives female literacy rate is increasing but will it is less than male literacy rate. Social upliftment is done by educating girl child. Education is the only instrument which gives women equal status, rights and opportunities etc.

Social Change through Women Empowerment

Women empowerment is essential for the achievement of sustainable development of society. It refers to making women powerful, made them aware of their rights and how they must make their own place in society rather than depending on a man. Social progress can occur by only empowering women.

Role of Women in Social Change

Women have been agents of social change. Education has made women Independent and they are no longer dependent on men

Social Research Foundation, Kanpur

to lead their lives. Because of social change there is a huge change in life of women. Women play essential role in human advancement and have a notable place in the society. They are not at all subordinate to men.

They have equal potential to sharing all the responsibilities of life. Men and Women are just like two sides of same coin. Women make family, Family builds home, Home becomes Society and Society creates a nation. Its direct meaning is that women's contribution is everywhere; it is useless to imagine society by ignoring the capacities of women. Without education and women's empowerment, there can be no development of family, society and country. In many countries now women are the head of the state. Business laws have changed to allow more women in the workplace and giving them a comfortable environment to work.

Equality and Equity and Social Change

Freedom and equality are foundational values for a social mobility. Equality and equity focuses on welfare of the society. Equality means sameness and equity means fairness. Our society is continuing to make steps towards equality and equity. For development of a society and nation we must ensure for these i.e. equal treatment and giving treatment what they need, in order to make things fair.

Conclusion

Women have been successful in improving their status in India. Social workers and political and legal environment enabled them to prove themselves as an equal partner in promoting social economic and political development of the society. There is optimistic change in the opinion of women in contemporary Indian society. Various factors such as education, awareness, modernization, social mobility, equality, equity and new economic patterns are responsible for making better position of women in a society. In this modern era women are valued and respected. In present scenario the social

Social Research Foundation, Kanpur

change for women in a desirable manner and in a better way is the need of the hour.

References

1. *Burn, S.M. (1996). The Social psychology of gender. New York McGraw-Hill.*
2. *Freedman, E. B. (2002). No turning back: The history of feminism and the future of women. New York: Ballantine Books.*
3. *Mohanty M. (ed) (2004), Caste Class Gender, Sage Publication, New Delhi.*
4. *Bordia, A. (2007). Education for gender equity: The Lok Jumbish experience, p 313-329.*
   Chatterji, S. A. (1993). The Indian Women in perspective. New Delhi: Vikas Publishing.
   Devendra, K. (1994). Changing status of women in India. New Delhi: Vikas Publishing House.
5. *Gupta, A. K. (1986). Women and Society. New Delhi: Sterling Publications.*
6. *Ministry of Education (1959). Report of National Committtee of Women's Education. New Delhi.*
7. *Ruhela, S. (1988). Understanding the Indian Women today. Delhi: Indian Publishers Distributors*
   Sharma, K.K., Miglani, P. & Sheokand, P.K. (2016). Gender School and Society. Twenty First Century Publications Patiala, Punjab.
8. *Goyal, S. (2017). Gender, School and Society. Twenty First Century Publications Patiala, Punjab.*
9. *Narula, J. & Kumar, S. (2016). Gender, School and Society. Ludhiana. Vijaya Publication:*
10. *Kumari, P. (2018). Gender, School & Society. Patiala, Punjab, Twenty First Century Publications.*
11. *www.actionaidindia.org*
12. *www.undp.org*
13. *www.womensweb.in*

Social Research Foundation, Kanpur

Research Current, ISBN : 978-81-951728-0-1

भारत–बांग्लादेश संबंध : प्रमुख विवाद

सत्येन्द्र सिंह
सहायक आचार्य
राजनीति विज्ञान विभाग
श्री राधेश्याम आर. मोरारका
राजकीय महाविद्यालय
झुंझुनूं राज. भारत

Social Research Foundation, Kanpur

16 दिसम्बर, 1971 को पाकिस्तान के विभाजन के परिणामस्वरूप बांग्लादेश का निर्माण हुआ। बांग्लादेश के निर्माण में भारत ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। भारत ने सर्वप्रथम बांग्लादेश को मान्यता दी। भारत और बांग्लादेश के संबंध आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक एवं राजनीतिक आधार पर जुड़े हैं क्योंकि 1947 में भारत के विभाजन से पूर्व भारत, पाकिस्तान एवं बांग्लादेश, भारत के ही अंग थे। 1947 में भारत के विभाजन से पाकिस्तान का निर्माण हुआ। पाकिस्तान दो हिस्सों में विभक्त था पश्चिमी पाकिस्तान तथा पूर्वी पाकिस्तान एवं इनके मध्य भौगोलिक दूरी के साथ–साथ सांस्कृतिक विभिन्नता भी थी। भारत के पूर्व एवं पश्चिम में दोनों ओर पाकिस्तान का होना किसी भी दृष्टिकोण से भारत के हित में नहीं था। पूर्वी पाकिस्तान तथा पश्चिमी पाकिस्तान के बीच झगड़े का प्रभाव भारत पर पड़ने लगा था। पूर्वी बंगाल में पाकिस्तान की सैनिक कार्यवाही के परिणामस्वरूप लाखों की संख्या में शरणार्थी के रूप में पूर्वी बंगाल के लोग भारत में अवैध रूप से सीमा पार कर आने लगे इससे भारत की राष्ट्रीय एकता, अखण्डता और सुरक्षा की समस्या उभरकर सामने आयी। शेख मुजीबुर्रहमान के नेतृत्व में बांग्लादेशी लोग एवं मुक्तिवाहिनी सेना बांग्लादेश की स्वतंत्रता के लिए संघर्ष कर रहे थे। पाकिस्तान ने धीरे–धीरे पूर्वी बंगाल में अपनी स्थिति को मजबूत कर लिया था। पश्चिमी सीमान्त पर पाकिस्तानी सेना के जमाव ने स्थिति को और विस्फोटक बना दिया। [3]

दिसम्बर, 1971 को पाकिस्तान ने पठानकोट, अमृतसर, जोधपुर, आगरा और श्रीनगर के हवाई अड्डों पर बमबारी करके युद्ध छेड़ दिया। 16 दिसम्बर, 1971 को पाकिस्तानी सैनिकों ने आत्मसमर्पण कर दिया। भारतीय सेना ने मुक्तिवाहिनी से मिलकर 16 दिसम्बर, 1971 को स्वतंत्र बांग्लादेश का निर्माण करवाया। 9 जनवरी, 1972 को मुजीबुर्रहमान को पाकिस्तान जेल से रिहा कर दिया गया। 10 जनवरी, 1972 को भारत पहुँचने पर बांग्लादेश की स्वतंत्रता में सहयोग करने हेतु शेख मुजीबुर्रहमान ने भारत का आभार व्यक्त किया।

बांग्लादेश की स्वतंत्रता से लेकर शेख मुजीबुर्रहमान के कार्यकाल में भारत एवं बांग्लादेश के संबंध मित्रतापूर्ण रहे। दोनों राष्ट्रों ने गुटनिरपेक्षता, धर्मनिरपेक्षता एवं पंचशील के सिद्धान्तों का समर्थन किया। दोनों ही राष्ट्र हिन्द महासागर क्षेत्र में शान्ति बनाए रखना चाहते थे। मार्च, 1972 में भारत एवं बांग्लादेश के मध्य मैत्री सन्धि की गई। इस सन्धि द्वारा दोनों के बीच आपसी संबंधों के संचालन सम्बन्धी प्रावधान किए गए। मार्च 1972 में भारत एवं बांग्लादेश के बीच एक व्यापारिक समझौता तथा सांस्कृतिक समझौता भी किया गया। मई, 1974 में बांग्लादेश एवं भारत के बीच सीमांकन संबंधी समझौता हुआ इसके अनुसार भारत ने दाहग्राम और अमरकोट का क्षेत्र बांग्लादेश को दे दिया और बांग्लादेश ने बेरूबाड़ी पर भारतीय अधिकार स्वीकार कर लिया।

अगस्त, 1975 में शेख मुजीबुर्रहमान की हत्या के पश्चात भारत–बांग्लादेश संबंध तनावपूर्ण हो गये। इन तनावपूर्ण संबंधों के लिए दोनों राष्ट्रों के बीच कई विवाद हैं–

सीमा विवाद

भारत एवं बांग्लादेश के बीच सीमा विवाद के कारण कई बार संबंधों में कटुता उत्पन्न हुई है। दोनों देशों के बीच लम्बी सीमा है जिसका कुछ स्थानों पर सीमांकन नहीं किया जा सका है। सीमा विवाद के कारण अप्रैल, 2001 में बांग्लादेश राइफल्स ने भारतीय सीमा सुरक्षा बल के 16 जवानों की हत्या कर दी थी। सितम्बर, 2011 में भारत एवं बांग्लादेश ने

Social Research Foundation, Kanpur

वर्षों पुराने सीमा विवाद को हल करने के लिए सीमांकन समझौते पर हस्ताक्षर किए। प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की दो दिवसीय ढाका यात्रा के दौरान दोनों देशों में 162 क्षेत्रों के आदान–प्रदान पर सहमति बनी। ये ऐसे क्षेत्र हैं जो अपने देश की सरकारों से कटे हुए हैं। वर्ष 2015 में इन क्षेत्रों का आदान–प्रदान किया गया। इन 162 एनक्लेवों में से 111 बांग्लादेश को मिले तथा 51 भारत को। 31 जुलाई, 2015 को इन्हें अपनी राष्ट्रीय पहचान एवं नागरिकता मिली। बांग्लादेश एवं भारत के बीच समुद्र संबंधी कानूनों पर संयुक्त राष्ट्र अभिसमय के अनुबंध VII के अन्तर्गत ट्रिब्यूनल ने जुलाई, 2014 में निर्णय दिया। समुद्री सीमा के समाधान हो जाने से भारत और बांग्लादेश के बीच लम्बे समय से लम्बित मुद्दे को हल किया जा सकेगा।

फरक्का विवाद

फरक्का बांध कोलकाता बंदरगाह की रक्षा के लिए बनाया गया है। यह बांध पश्चिम बंगाल में गंगा नदी पर बना है। इस बांध का निर्माण कोलकाता बंदरगाह के संरक्षण और रख रखाव तथा इसे गाद मुक्त कराने के लिए किया गया था। कोलकाता हुगली नदी पर स्थित एक मुख्य बंदरगाह है। ग्रीष्मकाल में हुगली नदी में पानी की मात्रा कम हो जाती है जिसके कारण बंदरगाह पर जहाजों का आवागमन आसानी से नहीं हो पाता है। ग्रीष्म ऋतु में हुगली नदी में पानी के बहाव को निरन्तर बनाए रखने के लिए गंगा नदी के पानी के एक हिस्से को फरक्का बांध के द्वारा हुगली नदी में मोड़ दिया जाता है। इस पानी के वितरण के कारण भारत एवं बांग्लादेश में विवाद की स्थिति उत्पन्न हुई इसे फरक्का विवाद के नाम से जाना जाता है। फरक्का बांध के निर्माण के कारण गंगा नदी में पानी की मात्रा कम हो गयी। जिसके कारण बांग्लादेश में अनेक समस्याएं उत्पन्न हो गयी। इन समस्याओं का निराकरण करने के लिए सितम्बर, 1977 में भारत एवं बांग्लादेश के बीच एक समझौता किया गया इसे फरक्का समझौता कहा जाता है। इस समझौते में अल्पकालीन एवं दीर्घकालीन दो प्रकार के प्रावधान किए गए थे।

Social Research Foundation, Kanpur

बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना दिसम्बर, 1996 में भारत की सरकारी यात्रा पर आयी। इस यात्रा के दौरान भारत के प्रधानमंत्री और बांग्लादेश की प्रधानमंत्री ने गंगा जल बंटवारे से संबंधित संधि पर हस्ताक्षर किए। इस संधि की अवधि 30 वर्ष रखी गई है तथा पाँच वर्ष की अवधि के पश्चात अथवा दोनों पक्षों में से किसी एक के अनुरोध पर दो वर्ष पश्चात इसकी समीक्षा की जा सकती है। इस संधि द्वारा यह प्रावधान किए गए हैं कि यदि नदी में जल की मात्रा 70 हजार क्यूसेक या इससे कम रहती है तो दोनों देशों के बीच जल का आधा–आधा बंटवारा किया जाएगा। यदि जल की मात्रा 70 हजार से 75 हजार क्यूसेक के बीच है तो बांग्लादेश को 35 हजार क्यूसेक जल मिलेगा और शेष भारत का हिस्सा होगा। यदि जल की मात्रा 75 हजार क्यूसेक से अधिक है तो 40 हजार क्यूसेक पानी भारत को मिलेगा और शेष बचे पानी पर बांग्लादेश का अधिकार होगा। इस संधि को लागू करने के लिए एक संयुक्त समिति गठित करने का निर्णय लिया गया। इस समिति द्वारा किसी विवाद का समाधान नहीं कर पाने की स्थिति में इसे भारत–बांग्लादेश नदी जल आयोग के पास भेजा जाएगा।

नवमूर द्वीप विवाद

नवमूर द्वीप बंगाल की खाड़ी में एक द्वीप है। नवमूर द्वीप के स्वामित्व के संबंध में भारत एवं बांग्लादेश के बीच विवाद है। इस द्वीप की खोज भारत द्वारा 1971 में की गई थी। भारत के अधिकार वाले इस द्वीप पर बांग्लादेश ने सन् 1997 में अपना दावा प्रस्तुत किया। इसके कारण भारत एवं बांग्लादेश के मध्य विवाद का प्रारम्भ हुआ। इस विवाद का प्रमुख कारण भारत–बांग्लादेश के बीच समुद्री सीमा का निर्धारण नहीं किया जाना है।

चकमा शरणार्थियों की समस्या

चकमा शरणार्थी भारत में बांग्लादेश से आए हैं। चकमा शरणार्थी बांग्लादेश के चटगाँव के निवासी हैं। बांग्लादेश में सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक अस्थिरता के कारण एक बड़ी संख्या में बांग्लादेशी भारत में शरणार्थियों के रूप में उत्तरी–पूर्वी भारत एवं पश्चिम बंगाल में शरण लिए

Social Research Foundation, Kanpur

हुए हैं। चटगाँव क्षेत्र में चकमाओं के उत्पीड़न के कारण इन चकमा शरणार्थियों ने भारत के उत्तरी–पूर्वी राज्यों मणिपुर, त्रिपुरा, असम, मिजोरम, मेघालय तथा अरूणाचल प्रदेश में आकर बस गए। चकमा शरणार्थियों के कारण भारत के उत्तर–पूर्वी राज्यों में विभिन्न प्रकार की समस्याएँ उत्पन्न हो गयी। भारत सरकार ने इस सन्दर्भ में बांग्लादेश से बातचीत की तो बांग्लादेश ने आश्वासन दिया किस इन चकमा शरणार्थियों को भारत से वापस बुलाकर बांग्लादेश के चटगाँव पहाड़ी क्षेत्र में उनके पुनर्वास की व्यवस्था की जाएगी। लेकिन बांग्लादेश द्वारा अभी तक इन चकमा शरणार्थियों की वापसी की कोई योजना तैयार नहीं की है तथा दोनों देशों के बीच यह विवाद बना हुआ है।

तीस्ता नदी जल विवाद

तीस्ता नदी का उद्‌गम हिमालय में तिब्बत में है। यह नदी उत्तरी बंगाल से बहती हुई बांग्लादेश में प्रवेश कर बांग्लादेश में जमुना (ब्रह्मपुत्र) से मिलती है। यह नदी बांग्लादेश के क्षेत्र के हजारों लोगों की जल संबंधी आवश्यकताएं पूरी करती है। पश्चिम बंगाल के लिए भी तीस्ता नदी उतनी ही महत्त्वपूर्ण है जितनी बांग्लादेश के लिए। भारत और बांग्लादेश के बीच तीस्ता नदी में पानी के बँटवारे को लेकर लम्बे समय से विवाद है। दोनों देशों के बीच सितम्बर, 2011 में जल साझाकरण समझौते पर हस्ताक्षर अंतिम प्रक्रिया में थे लेकिन कुछ कारणों से यह समझौता नहीं हो सका क्योंकि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस समझौते पर आपत्ति जताई। तीस्ता नदी जल बँटवारे का मुद्‌दा अभी तक नहीं सुलझ पाया है।

फेनी नदी विवाद

फेनी नदी का उद्‌गम दक्षिण त्रिपुरा जिले से होता है यह सबरूम शहर से बहती हुई बांग्लादेश में प्रवेश करती है। फेनी नदी दक्षिण त्रिपुरा की प्राकृतिक सीमा बनाने वाली नदी है जिसका कुल जल संभरण क्षेत्र लगभग 1147 वर्ग किमी. है जिसमें से 535 वर्ग किमी. भारत में तथा शेष बांग्लादेश में पड़ता है। दोनों देशों के मध्य जल बंटवारे और पेयजल

Social Research Foundation, Kanpur

आपूर्ति की समस्या से जूझ रहे क्षेत्रों के लिए यह नदी महत्त्वपूर्ण है। फेनी नदी के जल बंटवारे का विवाद दोनों देशों के बीच बना हुआ है।

भारत एवं बांग्लादेश दोनों पड़ौसी राष्ट्र हैं। बांग्लादेश का उद्‌भव 1971 में पाकिस्तान के विभाजन के परिणामस्वरूप हुआ था। बांग्लादेश के स्वतंत्रता आंदोलन में शेख मुजीर्बुरहमान एवं मुक्तिवाहिनी सेना ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभायी थी। बांग्लादेश की स्वतंत्रता में भारत का भी प्रमुख योगदान रहा है। भारत एवं बांग्लादेश के मध्य सीमा विवाद, फरक्का विवाद, नवमूर द्वीप विवाद, चकमा शरणार्थियों की समस्या, तीस्ता नदी जल विवाद तथा फेनी नदी विवाद प्रमुख विवाद हैं। इन विवादों के कारण भारत–बांग्लादेश संबंधों में कई बार तनाव की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। वर्ष 2015 में सीमा विवाद के समाधान के लिए 162 एनक्लेवों का आदान–प्रदान किया किया। इनमें से 111 बांग्लादेश को मिले तथा 51 भारत को। इसके लिए भारतीय संविधान में 100वाँ संविधान संशोधन किया गया। फरक्का विवाद के समाधान के लिए 1977 में भारत एवं बांग्लादेश के बीच एक समझौता किया गया तथा 1996 में गंगाजल बंटवारे को लेकर एक तीस वर्षीय संधि भारत एवं बांग्लादेश के बीच की गयी। बांग्लादेश से अवैध रूप से सीमा पार कर आए शरणार्थियों के कारण भारत के उत्तरी–पूर्वी राज्यों एवं पश्चिम बंगाल में एक बड़ी समस्या बनी हुई है। इन शरणार्थियों को वापस लेने के लिए बांग्लादेश सरकार ने कोई प्रभावी नीति नहीं बनायी है। तीस्ता नदी एवं फेनी नदी जल विवादों का भी समाधान नहीं हो पाया है। इन सभी विवादों को भारत एवं बांग्लादेश को आपसी बातचीत एवं सहमति के आधार पर निपटारा किया जाना चाहिए ताकि भारत एवं बांग्लादेश के बीच तनाव के बिन्दुओं का समाधान कर आपसी संबंधों को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ाया जा सके।

भारत एवं बांग्लादेश के मध्य इन विवादों के होते हुए भी आपसी संबंधों में सुधार के प्रयास निरन्तर रूप से जारी हैं। मार्च, 1972 में दोनों देशों के बीच मित्रता, सहयोग तथा शांति की 25 वर्षीय संधि पर हस्ताक्षर किये गए। मार्च, 1972 में एक व्यापार समझौता हुआ। भारत एवं बांग्लादेश

Social Research Foundation, Kanpur

की सीमा पर व्यापार को अधिक सुगम बनाने के लिए समन्वित चैक पोस्ट, कार पास्ट सिस्टम, भू–सीमा शुल्क स्टेशन तथा सीमा हाट स्थापित किए गए हैं। साझे इतिहास और साझी संस्कृति होने के कारण दोनों देशों के लोगों के बीच सांस्कृतिक आदान–प्रदान मैत्री की एक महत्त्वपूर्ण कड़ी है। सरकार ने संगीत, रंगमंच, कला, चित्रकला एवं पुस्तकों के आदान–प्रदान पर जोर दिया है। वर्ष 2011 में रवीन्द्रनाथ टैगोर की 150वीं वर्षगांठ को मनाने के लिए बांग्लादेश एवं भारत संयुक्त रूप से एक वर्ष के लिए स्मरणोत्सव गतिविधियों का आयोजन किया गया। भारत और बांग्लादेश के बीच अप्रैल, 2008 में ढ़ाका–कोलकाता मैत्री एक्सप्रेस का संचालन आरम्भ किया गया। भारत एवं बांग्लादेश के बीच अक्टूबर, 2013 में प्रत्यर्पण संधि की गई।

भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2015 में बांग्लादेश की यात्रा की तथा द्विपक्षीय संबंधों में प्रमुख समस्या भूमि सीमा विवाद के ऐतिहासिक समझौते पर मुहर लगाई। इस अवसर पर बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना तथा पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की उपस्थिति में सीमा समझौते से जुड़े दस्तावेजों का आदान–प्रदान किया गया। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री श्रीमती शेख हसीना एवं भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बीच सुरक्षा, कारोबार एवं सम्पर्क सहित दोनों देशों के बीच विविध आयामों पर चर्चा की और संबंधों को गहरा बनाने पर जोर दिया। भारत एवं बांग्लादेश द्वारा आपसी वार्ताओं के माध्यम से विवादों का समाधान करने के प्रयास किये जाने चाहिए ताकि दोनों राष्ट्रों के मध्य संबंधों को और अधिक सौहार्दपूर्ण बनाया जा सके।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची

1. *डॉ. पुष्पेश पंत, अन्तर्राष्ट्रीय संबंध, मीनाक्षी प्रकाशन, मेरठ, 2016–17*
2. *डॉ. वी.पी. दत्त, बदलती दुनियां में भारत की विदेश नीति–भाग–2, हिन्दी माध्यम कार्यान्वय निदेशालय, दिल्ली, 2015*
3. *डॉ. बी.एल. फड़िया, अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति, साहित्य भवन, आगरा, 2016*

Social Research Foundation, Kanpur

4. जयंता कुमार एण्ड मुन्तासिर ममून, इण्डिया बांग्लादेश रिलेशंस करेन्ट परस्पेक्टिव, के.डब्ल्यु. पब्लिकेशन, न्यू देहली, 2011
5. मैरी मैक्गवर्न, इण्डिया बांग्लादेश रिलेशंस ऑन बार्डर मैनेजमेन्ट पॉलिटिक्स, एल्फा एडिशन, 2018
6. वर्ल्ड फोकस जर्नल, नई दिल्ली
7. इण्डिया टुडे पत्रिका
8. फ्रन्ट लाईन पत्रिका
9. द हिन्दू समाचार पत्र
10. राजस्थान पत्रिका समाचार पत्र

Social Research Foundation, Kanpur

Research Current, ISBN : 978-81-951728-0-1

A Study of the Behaviour of the Closing Prices and Returns Data on Nifty Fifty Index in India in the Pandemic Situation

Madhuchhanda Lahiri
Assistant Professor
P. N. Das College
Palta, West Bengal, India

Social Research Foundation, Kanpur

Introduction

The debate in the branch of financial economics seems to be unending, especially in regard to the efficiency of the stock market. With a gradual flow of new information in an efficient market characterised by instantaneous price adjustment, successive price changes are random. The Efficient Market Hypothesis (EMH) states that stock prices reflect all available information so that prices are near their intrinsic value. Market efficiency has an influence on the investment strategy of an investor.

A market is considered to be weak-form efficient if current share prices fully reflect all information contained in their historical prices. This implies that no investor in stock market can devise a trading rule based solely on past share price patterns to earn abnormal returns.

In the early writings, dating back to the beginning of the last century, empirical justification was sought for the initial form of the EMH theory, namely the Random Walk Hypothesis [Bachelier (1900)]. The random walk which contends that successive price changes are independent to each other, occupied a significant proportion of research till the late 1960s [Cowles and Jones (1937); Kendall (1953); Osborne (1959); Granger and Morgenstern (1963); Cootner (1962)

and (1964); Moore (1964)]. There was plenty of empirical evidence but what was lacking was a formal theory. This was filled up by a more general model based on the concept of efficiency of the markets in which shares are traded – the Efficient Market Hypothesis (EMH) [Fama (1965)]. The EMH relies on the efficient use of information by investors and is often referred to as 'informational efficiency'. Fama (1970) defined three forms of market efficiency, namely, weak, semi-strong and strong forms. Each one is concerned with the adjustment of stock prices to one relevant information subset. The weak form of the hypothesis states that prices efficiently reflect all information contained in the past series of stock prices. In this case it is impossible to earn abnormal profit by using past stock price data. The lower is the market efficiency; the greater is the predictability of stock price changes. Despite earlier evidences on the randomness of stock price changes [Kendall (1953); Mandelbrot (1961); Moore (1964); Fama (1965); Fama, Fisher, Jensen and Roll (1965); MacDonald and Fisher (1972)], there are pieces of evidence of anomalous price behaviour where certain series appeared to follow predictable paths [Ball and Brown (1968), Ibbotson and Jaffe (1975), Solnik (1973)]. Due to these anomalies, there is necessity to carefully review both the acceptance of the efficient market theory and the methodological procedures of it.

An overwhelmingly significant proportion of studies on weak-form of stock market efficiency [Bachelier (1900), Osborne (1959), Moore (1964), Kendall (1953), Mandelbrot (1965), Fama (1970), MacDonald-Fisher (1971), Ibbotson and Jaffe (1975), Solnik (1973), Sarma and Kennedy (1977), Rao and Mukherjee (1979), Balla (1983), Sharma (1983), Yalawar (1988), Rao (1988), Amitabh Gupta (1991), Saxena (1992), Obaidullah (1992), Rao and Geetha (1996), Poshakwale (1996), Gupta and Gupta (1997), Chaturvedi (2000) Ahmad, Ashraf and Ahmad (2006) etc. have used either.

1. Normality Test or
2. Autocorrelation Test or
3. Run Test or any combination of these three tests together.

Social Research Foundation, Kanpur

Several other tests for establishing statistical independence in a stock price time series are also available, though sparingly used. In the parametric tests besides the autocorrelation tests, unit root tests, Ljung–Box (Q) statistic and GARCH model are also used. In the non-parametric group, Kolmogorov – Smirnov (K-S) test is also used along with the Runs Test.

Objectives of the Study

मुख्य शब्द : शिक्षा, बालिका, लिंग भेद, असमानता, पारिवारिक वातावरण, सांस्कृतिक, आर्थिक, विकास में बाधाएं, नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 ।

प्रस्तावना

किसी भी राष्ट्र की प्रगति में महिलाओं की प्रमुख भूमिका होती है। शिक्षित महिलायें भावी नागरिकों का निर्माण करती हैं, परिवार व समाज को सुसंस्कृत बनाकर विभिन्न रूपों में राष्ट्र की सेवा करती हैं। समाज में महिलाओं की शिक्षा के महत्व को स्पष्ट करते हुए स्वामी विवेकानन्द ने कहा था – 'आप मुझे शिक्षित और सुसंस्कृत स्त्री दो, मैं देश की तक़दीर बदल दूँगा।' जवाहर लाल नेहरू के शब्दों में – 'बालक की शिक्षा एक व्यक्ति की शिक्षा है किन्तु बालिका की शिक्षा से ही शिक्षित समाज का निर्माण होता है।'

भारतवर्ष में स्वतन्त्रता प्राप्ति के पश्चात् सन् 1951 में महिला साक्षरता 7.9ः थी। सन् 1960–61 में प्राथमिक स्तर पर 70.9ः तथा माध्यमिक स्तर पर 85ः बालिकायें विद्यालय छोड़ देती थीं। सन् 2001 में इस आंकड़े में कुछ परिवर्तन हुआ विद्यालय छोड़ने वाली बालिकाओं की संख्या प्राथमिक स्तर पर 40ः तथा माध्यमिक स्तर पर 56.9ः हो गयी। सन् 2011 में स्त्री साक्षरता दर 65.46ः थी।

Social Research Foundation, Kanpur



ऐतिहासिक पृष्ठभूमि

यदि भारतवर्ष में स्त्री शिक्षा के इतिहास पर दृष्टिपात करें तो वैदिक काल में महिलाओं को शिक्षा प्राप्त करने की स्वतन्त्रता थी। इस काल में महिलायें वैदिक साहित्य का अध्ययन करने के साथ ही संहिताओं की रचना तथा अपनी विद्वता के लिये प्रसिद्ध थीं। गार्गी, मैत्रेयी, विश्वतारा, अपाला आदि प्रसिद्ध विदुषी महिलायें थी। उत्तर वैदिक काल में वर्णानुसार शिक्षा व्यवस्था के कारण महिलाओं को शिक्षा का स्तर कम होने लगा। बौद्धकाल में महिलायें मठों में रहकर शिक्षा प्राप्त करती थीं। शील भट्टारिका तथा विजयंका जैसी उच्च कोटि की कवियत्री इसी काल में हुयी हैं। सम्राट अशोक की बहन संघमित्रा ने विदेशों में बौद्ध धर्म का प्रचार किया। आयुर्वेद, मीमांसा, वेदान्त आदि का अध्ययन करने वाली महिलाओं की प्रतिभा उच्च कोटि की थी परन्तु मुस्लिम काल में बाल विवाह व पर्दा प्रथा के कारण महिलाओं की शिक्षा के स्तर में कमी आने लगी। शिक्षा

राजघरानों व धनी सम्पन्न परिवार की महिलाओं तक ही सीमित होने लगी। मालवा के शासक गयासुद्दीन ने सारंगपुर में एक मदरसा खोला जहाँ सह–शिक्षा की व्यवस्था थी परन्तु पर्दा प्रथा के कारण बालिकायें प्रवेश नही ले पाती थी। इस काल में मीराबाई, जीजाबाई आदि विदुषी महिलाओं के साथी ही नूरजहाँ, रजिया सुल्तान, जहाँआरा कुशल प्रशासक तथा जेबुन्निसा, गुलबदन तथा सलीमा सुल्तान प्रसिद्ध लेखिका व कवियत्री थीं।

ब्रिटिशकाल में उच्च वर्ग की महिलाओं तक ही शिक्षा सीमित रहीं। सन् 1951 तक बालिकाओं के लिये 371 विद्यालय मिशनरियों द्वारा स्थापित किये जा चुके थे, जिनमें 86 आवासीय विद्यालय थे, जिनमें बालिकाओं की संख्या 11,193 थी।

सन् 1854 में बुड के घोषणापत्र में महिलाओं की शिक्षा के प्रति यह स्वीकार किया गया कि यदि भारतीयों का नैतिक व चारित्रिक विकास करना है तो महिलाओं की शिक्षित करना आवश्यक है। इस घोषणापत्र में बालिका विद्यालयों को विशेष अनुदान की व्यवस्था के साथ ही महिलाओं की शिक्षण कार्य के लिये प्रशिक्षण देने की भी व्यवस्था की गयी।

सन् 1882 में हन्टर कमीशन ने बालिका विद्यालय खोलने व संचालन के लिये अनुदान की संस्तुति की। इसके साथ ही बालिकाओं की निःशुल्क शिक्षा, छात्रवृत्ति, छात्रावास आदि की व्यवस्था की संस्तुति भी की। सन् 1902 में लार्ड कर्जन ने भारत में स्त्री शिक्षा का समर्थन किया। सन् 1907 में रवीन्द्रनाथ टैगोर ने शान्ति निकेतन में स्त्री शिक्षा विभाग की स्थापना की। सन् 1916 में बम्बई में श्रीमती नाथीबाई वूमेन्स यूनीवर्सिटी तथा दिल्ली में लेडी हार्डिंग्ज़ मेडिकल कॉलेज की स्थापना की गयी।

सन् 1917 में बालिकाओं के लिये 18,121 प्राथमिक विद्यालय, 389 माध्यमिक विद्यालय, 12 आर्ट्स कॉलेज तथा 4 व्यावसायिक कॉलेज स्थापित हो चुके थे।

सन् 1925 में राष्ट्रीय महिला परिषद की स्थापना हुयी। सन् 1927 में अखिल भारतीय स्त्री शिक्षा सम्मेलन तथा सन् 1929 में शारदा अधिनियम द्वारा बाल विवाह पर रोक लग जाने के कारण बालिकाओं की

Social Research Foundation, Kanpur

शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व उन्नति हुयी। सन् 1935 में राजस्थान में वनस्थली विद्यापीठ की स्थापना हुयी।

महात्मा गाँधी ने स्त्री शिक्षा को एक नया आयाम दिया। उनके अनुसार 'हमारी सरकारी शिक्षा प्रायः भ्रमपूर्ण और हानिकारक है और यदि उनके दोष दूर भी कर दिये जाये तो भी मैं नहीं मानता कि यह स्त्रियों के लिये सर्वथा उपयुक्त है।' स्त्रियों को घरेलू कार्यों की व्यावहारिक शिक्षा के साथ ही पुरूषों के समान शिक्षा प्राप्त करने का अधिकार है।

स्वतन्त्रता प्राप्ति के पश्चात् बालिकाओं की शैक्षिक स्थिति

सन् 1947 में स्वतन्त्रता प्राप्ति के पश्चात् बालिकाओं की शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया गया। विश्वविद्यालय आयोग (1948–49) ने पाठ्यक्रम में गृह प्रबन्ध, स्वास्थ्य शिक्षा तथा समान वेतन पर बल दिया।

भारतीय संविधान 1950 में अनुच्छेद 15(3) में बालिकाओं की विशेष शिक्षा व्यवस्था, धारा 39 में समान अधिकार तथा 243डी(3) में नगर पालिका चुनाव में स्त्रियों के आरक्षण का प्रावधान किया गया। माध्यमिक शिक्षा आयोग (1952) ने बालिकाओं के लिये स्कूल खोलने तथा गृह विज्ञान के साथ संगीत, कला की शिक्षा तथा पाठ्यसहगामी क्रियाओं में बालिकाओं की सहभागिता को महत्व दिया।

सन् 1958 में राष्ट्रीय महिला शिक्षा समिति का गठन किया गया, जिसमें स्त्री शिक्षा से सम्बन्धित महत्वपूर्ण सुझाव दिये गये, जिनमें निःशुल्क शिक्षा व्यवस्था, ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षिकाओं को मकान तथा भत्ता देना, प्रौढ़ स्त्रियों के लिये लघु पाठ्यक्रम का निर्माण आदि प्रमुख थे।

राष्ट्रीय महिला शिक्षा परिषद (1959), श्रीमती मेहता समिति (1962), राष्ट्रीय शिक्षा आयोग (1964–66) ने निःशुल्क शिक्षा व्यवस्था, लिंग–भेद समाप्त करना, स्कूल भवनों का निर्माण, छात्रावास की व्यवस्था व आयु सीमा में छूट देने आदि कई महत्वपूर्ण सुझाव दिये।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (1968) में बालिकाओं की शिक्षा में अपव्यय अवरोधन रोकने हेतु कई सुझाव प्रस्तुत किये तथा लिंग–भेद, स्थान व धर्म

Social Research Foundation, Kanpur

के आधार पर बिना भेदभाव के शिक्षा का समान अवसर देने की संस्तुति की।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (1986) में स्त्री शिक्षा की प्रगति के विषय में कई ठोस सुझाव प्रस्तुत किये गये जिससे वे अपने आत्म सम्मान की रक्षा कर सकें। साथ ही विभिन्न प्रकार के शोषण व घरेलू हिंसा के मुक्त हो सकें। इनमें निरक्षरता दूर करना, समान पाठ्यक्रम, शिक्षक–शिक्षण प्रशिक्षण तथा सहायक सेवाओं को प्रोत्साहित करना प्रमुख हैं।

स्त्री शिक्षा की राष्ट्रीय योजना (1988) में उच्च शिक्षा में बालिकाओं के प्रवेश हेतु 30ः आरक्षण की व्यवस्था, प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रम, रोजगारपरक कार्यक्रमों पर विशेष बल दिया गया।

राममूर्ति समिति रिपोर्ट (1990) के अनुसार बालिकाओं की शिक्षा को घरेलू कार्य प्रभावित करते हैं। अतः उनके अभिभावकों को शिक्षा के प्रति जागरूक करना आवश्यक है। आँगनबाडी कार्यक्रम को जारी रखना, क्षेत्रीय असमानता दूर करना, पिछड़े जिलों तथा अनुसूचित जनजातियों की बालिकाओं की शिक्षा को प्राथमिकता देना तथा संचार माध्यमों के प्रयोग से बालिकाओं की शिक्षा का प्रसार करना आदि राममूर्ति समिति रिपोर्ट (1990) तथा इसकी समीक्षा समिति (1992) की विशेष सिफारिशें थीं।

बालिकाओं की शैक्षिक स्थिति में सुधार हेतु सरकार के प्रयास

इन सभी समस्याओं को दूर करने हेतु भारत सरकार निरन्तर प्रयासरत् है। बालिकाओं की शैक्षिक स्थिति सुधारने हेतु सरकार ने अनेक समितियों व आयोगों का गठन किया।

महिला सामाख्या योजना (1988)

इस योजना के तहत शिक्षा द्वारा महिला को समानता देने हेतु आठ राज्यों के 51 जिलों मे विभिन्न कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। सन् 2014 में विशेष बैठक मे बालिकाओं की शिक्षा हेतु अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये। बालिकाओं की अनौपचारिक शिक्षा हेतु 1.18 लाख केन्द्र बनाये गये। ग्रामीण व कमजोर वर्ग की बालिकाओं की शिक्षा हेतु स्वैच्छिक संस्थाओं द्वारा आर्थिक सहायता दी जा रही है।

Social Research Foundation, Kanpur

बालिका समृद्धि योजना (1997)

यह योजना अगस्त 1997 में ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों मे बालिकाओं की शिक्षा को प्रोत्साहित करने हेतु अगली कक्षा में जाने पर प्रोत्साहन राशि दी जाती है।

इन्दिरा गाँधी बालिका छात्रवृत्ति योजना (2005–06)

इस योजना के तहत इकलौती कन्या संतान को 6 से 12 कक्षा तक निःशुल्क शिक्षा का प्रावधान किया गया है तथा विश्वविद्यालय स्तर पर छात्रवृत्ति दिये जाने का प्रावधान है।

बालिका प्रोत्साहन योजना (2006–07)

इस योजना के तहत कक्षा 8 की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाली बालिका को कक्षा 9 में प्रवेश लेने पर 3000/– की एक मुश्त धनराशि दी जाती है।

साक्षरता भारत मिशन (2009)

अन्तर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस (8 सितम्बर) के अवसर पर इसे प्रारम्भ किया गया। इस योजना का उद्देश्य मुख्यतः महिलाओ की उच्च शिक्षा, प्रौढ़ शिक्षा को समुन्नत व सुदृढ़ बनाना है तथा लैंगिक अन्तर को कम करके 10: तक लाना है।

राजीव गाँधी किशोरी बालिका सशक्तीकरण योजना (2010)

नवम्बर 2010 को देश के 200 जिलों में इस योजना को गरीबी रेखा से नीचे 11 से 18 वर्ष की किशोरियों के पोषण, स्वास्थ्य, जीवन कौशल संबंधी शिक्षा हेतु प्रारम्भ किया गया।

कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय योजना (2004)

बालिकाओं के गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से इस योजना का प्रारम्भ किया गया। अब तक लगभग 3.6 लाख बालिकाओं को 3500 विद्यालयों में शिक्षित किया जा चुका है।

Social Research Foundation, Kanpur

सुकन्या समृद्धि योजना (2015)

बालिकाओं की सुरक्षा व आर्थिक कल्याण हेतु इस योजना को शुरू किया गया। अभिभावक बैंक में अपनी बेटी के नाम खाता खोलकर टैक्स का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

बेटी बचाओ – बेटी पढ़ाओं योजना (2015)

कन्या भ्रूण हत्या को रोकने, लिंग भेद समाप्त करने, बालिकाओं की सुरक्षा तथा लिंगानुपात सुधारने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा 100 करोड़ रू0 के अनुमानित बजट के द्वारा 100 जिलों में प्रारम्भ की गयी।

इन प्रमुख योजनाओं के अतिरिक्त सी.बी.एस.ई. स्कॉलरशिप (2016) के अन्तर्गत रू0 500/– प्रतिमाह ट्यूशन फीस में छूट का प्रावधान है।

National Scheme of Incentive to Girls के तहत माध्यमिक विद्यालयों में पढ़ने वाली छात्राओं को रू0 3,000/– प्रति वर्ष छात्रवृत्ति, उच्च शिक्षा में रू0 5,000/– तथा तकनीकी शिक्षा हेतु 'प्रगति' छात्रवृत्ति रू0 30,000/– तथा कोर्स के दौरान 10 महीने तक रू0 2,000/– प्रतिमाह दिये जाते हैं।

कन्या सुमंगला योजना (2019) उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 11 अक्टूबर 2019 करे 1200 करोड़ रूपये के बजट से प्रारम्भ की गयी इस योजना का उद्देश्य परिवार की 2 बेटियों को वित्तीय लाभ पहुँचाना है।

सरकार द्वारा बालिकाओं की शैक्षिक स्थिति को सुदृढ़ हेतु चलायी जा रही योजनाओं के अतिरिक्त अनेक छळे जैसे CARE INDIA का बालिका शिक्षा कार्यक्रम (GEP) बालिकाओं की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हेतु प्रतिबद्ध है। डॉ0 देशमुख द्वारा STEM (Science, Technology, Engineering and Mathematics) के अन्तर्गत बालिकाओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिये प्रोत्साहन करना, 10 अक्टूबर 2018 को सफ़ीना हुसैन तथा वक़ार अहमद द्वारा क्ष्ठ कार्यक्रम को प्रारम्भ किया गया, जिसमें राजस्थान के भीलवाड़ा जिले में 140 गाँवों में 166 स्कूल खोले गये, जिसमें 7300 बालिकायें लाभान्वित हुयीं।

Social Research Foundation, Kanpur

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (2019) में यू0आर0जी0 (Under Represented Group) के अन्तर्गत बालिका शिक्षा की स्थिति सुधारने हेतु विभिन्न नीतियों व योजनाओं को शीघ्र ही क्रियान्वित किया जायेगा।

Condition of women in India-
a quick outlook

STATE	%OF FEMALE LITERACY RATE	STATE	%OF FEMALE LITERACY RATE
KERELA	92.0	DAMAN &DIU	79.7
MIZORAM	89.4	GUJARAT	67.3
LAKSHADWEEP	88.2	HARYANA	66.8
TRIPURA	83.1	ORISSA	64.4
ANDAMAN &NICOBAR ISLANDS	81.8	MADHYA PRADESH	60
CHANDIGARH	81.4	MAHARASHTRA	75.5
PONDICHERRY	81.2	BIHAR	53.3
DELHI	80.9	RAJASTHAN	52.7
WHOLE INDIA		65.46%	(Year - 2011)

Source:indiaonlinepages.com

बालिकाओं की शिक्षा में समस्यायें एवम् बाधक तत्व

यद्यपि स्वतन्त्रता प्राप्ति के पश्चात् बालिकाओं की शैक्षिक स्थिति में सुधार हेतु सरकार तथा अन्य संस्थाओं द्वारा कई प्रयास किये गये। पंचवर्षीय योजनाओं में बहुत–सा धन व्यय किया गया। वर्तमान सरकार बालिकाओं की शैक्षिक स्थिति में सुधार के लिये अनेक योजनओं को क्रियान्वित कर रही हैं। अनेक NGOs तथा निजी संस्थायें बालिका शिक्षा की उन्नति के लिये प्रयासरत् है। परन्तु आज भी भारतवर्ष में बालिकाओं की शिक्षा में संतोषजनक प्रगति नहीं हो रही है। अनेक बाधक तत्व व समस्यायें उनकी शिक्षा में व्यवधान उत्पन्न करते हैं :–

1. बालिकाओं का शीघ्र विवाह उन्हें शिक्षा बीच में ही छोड़ने पर विवश कर देता है। एक अध्ययन के अनुसार 14 वर्ष से कम उम्र की 18 लाख से अधिक बालिकायें विवाहित हैं।
2. 15 से 18 वर्ष की अवस्था में लगभग 16 लाख बालिकायें गर्भधारण कर लेती हैं। हर वर्ष 15 वर्ष से कम लगभग 1 लाख बालिकायें ऐसे

Social Research Foundation

शिशुओं को जन्म देती हैं जो कुपोषण का शिकार होते हैं या मानसिक व शारीरिक रूप से अक्षम होते हैं। इन सबका कारण अशिक्षा है।

3. गरीबी के कारण बालिकायें शिक्षा से वंचित रहती हैं। कम उम्र में बहुत ही कम वेतन पर कार्य करके परिवार का भरण पोषण करती हैं तथा अक्सर कुदृष्टि व यौन हिंसा का शिकार होती हैं। एक अध्ययन के अनुसार बाल मजदूरों में 11 प्रतिशत बालिकायें होती हैं। इसके अतिरिक्त घर में छोटे भाई–बहनों की देखभाल, घर के कार्य व घर से विद्यालय दूर होना भी स्कूल न जाने के कारण है। एक अध्ययन में पाया गया कि 50 प्रतिशत ग्रामीण बालिकायें स्कूल के मार्ग में सामूहिक दुष्कर्म का शिकार हुयीं। इसीलिए अभिभावक घर से दूर विद्यालय में नहीं भेजना चाहते।
4. सह–शिक्षा विद्यालयों में अलग शौचालय न होना, बालकों द्वारा छेड़छाड़ व प्रताड़ित किया जाना तथा यौन शोषण आदि के कारण बालिकायें स्कूल छोड़ देती हैं।
5. लिंग भेद व असमानता के कारण बालिकाओं को शिक्षा से वंचित रखा जाता है, उनके स्थान पर बालकों की शिक्षा को अधिक महत्व दिया जाता है।
6. महिला शिक्षिकाओं की कमी भी बालिकाओं की शिक्षा में बाधक होती है। अभिभावक पुरूष शिक्षकों की अपेक्षा महिला शिक्षिकाओं के संरक्षण में अपनी बालिकाओं को अधिक सुरक्षित मानते हैं।
7. प्राकृतिक आपदाओं जैसे भूचाल, बाढ़ या बीमारी के कारण बहुत सी बालिकायें स्कूल छोड़ देती हैं। आय के साधन के रूप में वेश्यावृत्ति को अपना लेती हैं। Infosys Foundation देवदासी प्रथा को समाप्त करने तथा बालिकाओं की शिक्षा के प्रति बहुत सराहनीय कार्य कर रहा है।
8. युद्ध क्षेत्र के आस–पास रहने वाली बालिकायें डर के कारण शिक्षा से वंचित रहती हैं।

Social Research Foundation, Kanpur

9. अभिभावकों की नकारात्मक सोच के कारण उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाली बालिकायें भी नौकरी करने या व्यावसायिक शिक्षा प्राप्त करने हेतु अपने शहर से बाहर नहीं जा पातीं।



बालिकाओं की शिक्षा की आवश्यकता एवम् महत्व

बालिकाओं का शिक्षित होना आज हमारे समाज के लिये अनिवार्य आवश्यकता बन गया है यदि राष्ट्र की बालिकाएँ शिक्षित होगी तो राष्ट्र सुरक्षित व शिक्षित होगा तथा देश की अर्थव्यवस्था सुधारने में सहायता मिलेगी।

1. भारत की जनसंख्या पर नियन्त्रण किया जा सकेगा।
2. दहेज प्रथा, परदा प्रथा व शीघ्र विवाह पर रोक लगायी जा सकेगी।
3. घरेलू हिंसा व यौन शोषण व दुष्कर्म जैसे अपराधों पर अंकुश लग सकेगा।
4. बालिकायें अपने अधिकारों के प्रति सचेत होंगी तथा अन्धविश्वासों व कुरीतियों का विरोध कर सकेंगी। कन्या भ्रूण हत्या, देह व्यापार जैसी सामाजिक बुराइयों को रोक सकेंगी। शिशु व मातृ मृत्यु दर में कमी आयेगी तथा कुपोषण, बीमारियों की संभावना कम होगी।
5. राजनीति में सक्रिय भूमिका का निर्वाह कर सकेंगी।

6. विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर कार्य करके देश की सेवा कर सकेंगी।
7. परिवार की आय बढ़ाने में सहायक होंगी। बालिकाओं की छुपी प्रतिभा का पता लगाने के लिये उन्हें शिक्षित करना आवश्यक है।
8. यदि बालिकायें शिक्षित होंगी तो वे पर्यावरण प्रदूषण, जल की समस्या, स्वास्थ्य, पोषक आहार एवम् स्वच्छता के प्रति स्वयं तो जागरूक होंगी ही समाज को भी जागरूक करने में सहायक होगी तथा स्वस्थ जीवन शैली द्वारा परिवार व समाज का उत्थान कर सकेंगी।
9. शिक्षित महिलायें अपने बालक बालिकाओं को संस्कार दे सकेंगी, मूल्यों के प्रति, ईश्वर के प्रति आस्थावान बना सकेंगी, जिससे वे मानसिक विकृतियों से बच सकें। विशेषकर बालकों को अच्छे संस्कार दे सकेंगी जिससे वे समाज में दुष्कर्म, यौन शोषण, हिंसा जैसी घटनाओं की ओर प्रवृत्त न हों।

बालिकाओं की शैक्षिक स्थिति सुधारने हेतु सुझाव

भारतवर्ष में बालिकाओं की शैक्षिक स्थिति सुधारने हेतु आवश्यक है कि –

1. सरकार द्वारा बनायी गयी योजनाओं का उद्देश्य बालिकाओं को शिक्षा प्राप्त करने हेतु प्रेरित करना है परन्तु ये सुविधायें व धनराशि उन जरूरतमन्द छात्राओं तक नहीं पहुँच पाती जिनकी उन्हें आवश्यकता है, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में । अतः आवश्यकता है भ्रष्टाचार समाप्त करने की तथा ईमानदार व कर्मठ कार्यकर्ताओं की जो वास्तव में बालिकाओं की शिक्षा के लिये कार्य कर सकें तथा ये योजनायें मात्र कागजी कार्यवाही बनकर न रह जायें। प्रायः लक्ष्य पूर्ति हेतु गलत प्रकार से इन योजनाओं पर कार्य होते देखा गया है।
2. यद्यपि अनेक स्वयंसेवी संस्थायें बालिकाओं की शिक्षा के उन्नयन हेतु सराहनीय कार्य कर रहे हैं परन्तु प्रायः यह अनुभव किया जाता है कि उनका उद्देश्य अपनी संस्था का नाम का प्रचार–प्रसार अधिक होता है।

Social Research Foundation, Kanpur

3. माता–पिता तथा अभिभावकों को बालिकाओं की शिक्षा के लिये जागरूक करना अत्यन्त आवश्यक है। कुछ अभिभावक बालिकाओं को पराया धन मानते हैं। उन्हें पढ़ाने के बजाय उनका विवाह करना अधिक आवश्यक समझते हैं। वे बालिकाओं को पढ़ने या नौकरी करने हेतु शहर से बाहर नहीं भेजना चाहते। अतः इनकी प्रतिभा घर की चाहरदीवारी में दम तोड़ देती है।
4. महिलाओं को विभिन्न व्यावसायिक क्षेत्रों में आगे बढ़ने के लिये प्रोत्साहित किया जाये। उन्हें रोजगार के अवसर प्रदान किये जाये। उन्हें कौशल विकास का प्रशिक्षण देकर लघु उद्योग, कुटीर उद्योग लगाने हेतु प्रेरित किया जाये।
5. बालिकाओं की सुरक्षा हेतु सुदृढ़ व्यवस्था की जाये उनको जूडो–कराटे तथा अन्य शारीरिक क्षमता में वृद्धि करने वाली क्रियाओं का प्रशिक्षण दिया जाये, जिससे वे अपनी रक्षा स्वयं करने में सक्षम हो सकें।
6. पुरूषों को अपनी सोच को बदलना होगा तथा स्त्रियों को बराबरी का हिस्सेदार बनाना व प्रगति के लिये प्रोत्साहित करना होगा।
7. यद्यपि अनेक महिलायें राजनीति में सक्रिय है तथा उच्च पदों पर आसीन है। सरकार ने भी 33 प्रतिशत का आरक्षण लोक सभा तथा विधान सभा में महिलाओं हेतु किया है। अतः शिक्षित तथा कर्मठ महिलाओं को राष्ट्र सेवा हेतु राजनीति में आना चाहिये।
8. बालिकाओं की शिक्षा हेतु पाठ्यक्रम में आवश्यक परिवर्तन किये जायें। उन्हें पुस्तकीय ज्ञान के साथ ही व्यावहारिक ज्ञान अवश्य दिया जाये। गृह विज्ञान, स्वास्थ्य विज्ञान के साथ ही मूल्यों व संस्कारों की शिक्षा देना आवश्यक है।

नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में प्राथमिक स्तर से उच्च स्तर तक बालिकाओं की शिक्षा के उत्थान के लिये कई प्रावधान किये गये हैं, जिसमें जेण्डर समावेशी कोष (6.8 (पैरा) 2020) की स्थापना सराहनीय प्रयास है। यह राज्यों के लिये उपलब्ध कराया जायेगा, जिसमें उनकी योजनाओं व नीतियों द्वारा बालिकाओं को सुरक्षित व स्वस्थ वातावरण दिला सकें।

Social Research Foundation, Kanpur

सामाजिक व आर्थिक रूप से पिछड़े हुए समूहों में अपनी आधी संख्या महिलाओं की है। इसीलिये राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 में बालिकाओं कें की गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया गया, (पैरा 6.7) बालिकाओं की शिक्षा क्षेत्र में आने वाली बाधाओं एवं अभावों के कारण अधिकांश बालिकाएं शिक्षा प्राप्त करने से वंचित रह जाती हैं। महाविद्यालय आने–जाने का समुचित प्रबन्ध व किराया न होना, घर के कार्य, छोटे भाई–बहनों की देखभाल, फीस व ड्रेस आदि का प्रबंध न कर पाना आदि अनेक कारण हैं, जो बालिकाओं की शिक्षा की राह में रोड़ा बनते हैं। यदि विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में जेण्डर समावेशी फण्ड उपलब्ध होगा तो छात्राओं को सहायता दी जा सकेगी। (पैरा 6.9) कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों का अधिक विस्तार किया जायेगा। सह शिक्षा वाले विद्यालयों में अलग टॉयलेट की व्यवस्था तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अध्याय 3 में बालिकाओं के सुरक्षित छात्रावास व यातायात के साधनों को उपलब्ध कराने की घोषणा की गयी है। बालिकाओं के प्रति हिंसा व अपराध की घटनाओं को रोकने में भी ये योजनायें कारगर साबित होंगी।

इस प्रकार बालिकाओं की शिक्षा में भागीदारी बढ़ाने हेतु नयी शिक्षा नीति सकारात्मक व अनुकूल वातावरण निर्मित करने में सफल सिद्ध होगी।

बदलते भारत में महिलाओं की साक्षरता दर लगातार बढ़ रही है। परन्तु आज भी यह पुरूषों से कम है। शहरी क्षेत्रों में यह आंकड़ा लगभग समान है परन्तु ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी बालिकाओं की शिक्षा की स्थिति में विशेष सुधार नहीं हुआ है। अतः रूढ़िवादी मानसिकता को त्यागने की तथा महिलाओं को सम्मान के साथ–साथ शिक्षा, व्यवसाय, नौकरी में बराबरी का स्थान देने की तथा सरकार द्वारा चलायी जा रही नीतियों, योजनाओं में पूर्ण सहयोग देकर बालिकाओं को शिक्षा के लिये प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है।

बालिकाओं की शैक्षिक स्थिति में सुधार होने से राष्ट्र का सांस्कृतिक, आर्थिक व नैतिक विकास स्वयं ही हो जायेगा तथा शिक्षित

Social Research Foundation, Kanpur

महिलायें पोषक–आहार, स्वच्छता, जल, पर्यावरण के प्रति संवेदनशील व जागरूक होकर राष्ट्र की उन्नति में सहायक होंगी।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची

1. *सारस्वत, डॉ0 मालती (2016) भारत में शैक्षिक प्रणाली का विकास, आलोक प्रकाशन, लखनऊ, पृष्ठ सं0 340–342।*
2. *वर्मा, दीप्ति (2008) महिला उत्थान के सम्बन्ध में गाँधी जी के विचार (पी–एच.डी.) शोधगंगा*
3. *वर्मा, कीर्ति (2015) स्त्री शिक्षा का इतिहास, रोशनी पब्लिकेशन, कानपुर पृष्ठ सं0 55–64।*
4. *तिवारी, शालिनी (भारतीय महिलाओं की दिशा एवं दशा)।*
5. *त्रिपाठी, केसरी नंदन एवम् आलोक कुमार (2015–16) उत्तर प्रदेश सामान्य अध्ययन, बौद्धिक प्रकाशन, इलाहाबाद पेज नं 288।*
6. *www.tomorrowmakers.com(14-11-2018)*
7. *www.performanceindia.com, modi govt step for girl education*
8. *slideshare.net, mobile girl child education*
9. *learnpick.in, importance of women education*
10. *www.unicef.org*
11. *www.academia.edu, Sushma N. Jogan*
12. *www.slideshare.net, 24 may 2015 – Impaortance of education of girl child*
13. *en.wikipedia.org*
14. *www.google.com*
15. *www.covestro.com/stem/girl education*
16. *www.hindi.theprint.in (Suman Mishra, 28 August 2020)*

Social Research Foundation, Kanpur

Research Current, ISBN : 978-81-951728-0-1

सल्तनत कालीन शासन व्यवस्था और षडयंत्र

वगताराम चौधरी
सहायक आचार्य
इतिहास विभाग
श्री राजेन्द्र सूरि कुन्दन जैन
राजकीय महिला महाविद्यालय
जालोर, राजस्थान, भारत

Social Research Foundation, Kanpur

भारतीय इतिहास में सल्तनत काल 1206 से 1526 ई. तक का माना जाता है और इसे ''सल्तनत–ए–दिल्ली' या 'सल्तनत–ए–हिन्द' भी कहा जाता है। मुहम्मद गौरी के आक्रमणों के बाद भारतीय राजाओं का प्रतिरोध, गौरी की विजय, कुतुबुद्दीन ऐबक का सत्तासीन होकर दिल्ली साम्राज्य पर नियंत्रण करना, उसके प्रशासनिक, राजनैतिक, सामजिक, धार्मिक और सांस्कृतिक कार्य ..... इल्तुतमिश का ऐबक के बाद शासक बनना, रजिया सुल्तान का उभार, बलवन का मजबूत और आक्रामक शासन, खिलजियों, तुगलकों और लोदियों की शासन–प्रणाली आदि सल्तनत काल के अहम पड़ाव रहे है।

प्रत्येक शासक के समय में षड़यंत्रों और कुचक्रों की घटनाएँ व्यापक स्तर पर होती रही है। कहीं–कहीं तो ऐसे उदाहरण भी सामने आते है जब शासक का कत्ल कर किसी अन्य रिश्तेदार, सेनापति या दरबारी ने गद्दी कब्जा ली हो। डॉ. आशीर्वादीलाल श्रीवास्तव ने एक उदाहरण देते हुए लिखा है – 'मुईजुद्दीन बहरामशाह इल्तुतमिश का तीसरा पुत्र था। उसके वजीर मुहाजुद्दीन को सुलतान से अलग शिकायतें थी। इस प्रकार एक सर्वव्यापी षड़यंत्र रचा गया। मंगोलों के हमले के समय मुहाजुद्दीन ने सुलतान की सेना को भड़काया। दिल्ली पर सेना ने हमला कर बहरामशाह का कत्ल कर दिया।'' [1]

अलाउद्दीन खिलजी के समय मंगोलों के आक्रमण और षड़यंत्रों के कारण उभरे भयंकर घटनाक्रमों का वृतांत्त देखा जाए तो तत्कालीन राजनीति के दूषित चेहरों से घृणा होने लगती है। डॉ. कालूराम शर्मा ने इस प्रकार के घटनाक्रमों पर टिप्पणी करते हुए एक घटना विशेष पर लिखा है –''मंगोलों ने घात लगाकर जफर खाँ और उसके सैनिकों को चारों तरफ से घेर कर मार डाला। इस अवसर पर अलाउद्दीन और उलूग खाँ पास ही युद्ध संचालन कर रहे थे परन्तु दोनों भाइयों ने जफर खाँ को बचाने का प्रयास नहीं किया।'' [2]

जूना खाँ ने अपने चाचा जलालुद्दीन फिरोज खिलजी की हत्या कर शासन हथिया लिया। खिलजी वंश के अंतिम शासक कुतुबुद्दीन मुबारक शाह की उसके प्रधानमंत्री खुसरों खाँ ने हत्या कर दी। कुछ समय पश्चात गयासुद्दीन तुगलक ने खुसरों खां से गद्दी हथिया ली। इस तरह सत्ता के लिए सल्तनत काल में भयंकर स्तर पर खूनखराबा और मारकाट होती रही। षड़यंत्र रचे जाते रहे। अपने रक्तसंबंधियों का कत्ल कर गद्दी हथियाने की घटनाएँ हुई।

फिरोजशाह तुगलक जैसे शासकों ने भ्रष्टाचार और षड़यंत्रों को बढावा दिया और अंततः षडयंत्रकारी व्यवस्था ने स्वयं फिरोजशाह के लिए भी मुश्किले खड़ी की। डॉ. आशीर्वादी लाल श्रीवास्तव ने सल्तनतकाल में गुजरात के शासक महमूद बेगड़ा पर टिप्पणी करते हुए उसके समय में हुए षड़यंत्रों और कुचक्रों को सिलसिलेवार ढंग से समझाया है– ''पुर्तगाली सूबेदार डॉ. निन्हो डी कुन्हा ने बहादुरशाह (महमूद बेगड़ा का वंशज) को धोखा देकर उसके अपने एक जहाज पर बुलाया और विश्वासघात कर समुद्र में डूबो दिया।'' [3]

मुस्लिम शासकों ने अपने ही धर्म के शासकों से युद्ध किये षडयंत्र और विश्वासघात किये और सत्ता हथिया ली। अनेक हिन्दू शासकों के साथ ही षडयंत्र और क्रूरता के साथ अमानवीय आचरण कर उनके राज्यों पर कब्जा किया गया।

स्वयं मुहम्मद तुगलक को भी अपने ही परिवारजनों और दरबारियों के षडयंत्रों तथा विश्वासघातों को झेलना पड़ा। स्वयं मुहम्मद

Social Research Foundation, Kanpur

तुगलक ने अपने शासक गयासुद्दीन तुगलक को मरवाकर सत्ता काबिज की थी। ''हनोज दिल्ली दूर अस्त'' जैसा वाकया सल्तनतकालीन षड़यंत्रों का सबसे बड़ा उदाहरण माना जा सकता है। मुहम्मद तुगलक के गुरू निजामुद्दीन औलिया और सुलतान गयासुद्दीन तुगलक के मध्य खुला संघर्ष और मनमुटाव था। विद्रोह दबाने गये गयासुद्दीन ने मुहम्मद तुगलक को कुछ समय के लिए सत्ता सौपी और विद्रोह कुचलने चला गया। मुहम्मद ने अपने गुरु निजामुद्दीन की नीतियों पर त्वरित अमल शुरू किया। गयासुद्दीन खबर मिलने पर कुपित हुआ और दिल्ली आकर मुहम्मद तथा निजामुद्दीन को कुचलने का संदेश भिजवाया। निजामुद्दीन ने पत्र भेजकर गयासुद्दीन को संदेश भिजवाया कि 'हनोज दिल्ली दूर अस्त' अर्थात 'दिल्ली अभी दूर है' और लौटते हुए गयासुद्दीन का कत्ल करवाकर सत्ता मुहम्मद तुगलक को दिलवा दी। स्वयं मुहम्मद तुगलक मौलवियों और धर्माचार्यों के साथ–साथ दरबारियों और रिश्तेदारों के दबाव में रहा। उसे अनेक षड़यंत्रों और विद्रोहों का भी सामना करना पड़ा।

मुहम्मद गौरी ने 1192 ई. के तराइन युद्ध के बाद दिल्ली की सत्ता पर कुतुबुद्दीन ऐबक को बैठाया और ऐबक को अनेक कुचक्रों का सामना करना पड़ा। ऐबक ने तो शुरूआती समय में स्वयं को सुल्तान तक घोषित नहीं किया, क्योंकि गौरी की सत्ता के दावेदारों में अनेक ताकतवर गुलाम शामिल थे।

लोदियों के समय में तो भयंकर कुचक्र हुए और कई प्रकार की राजनैतिक चुनौतियाँ उभरीं। सिकंदर लोदी हो या इब्राहीम लोदी हो सबके समय में भयंकर षड़यंत्र हुए और सत्ताएँ हिलाने तथा बेदखल करने की कोशिशें जारी रही। इब्राहीम लोदी को तो सर्वाधिक षड़यंत्रों और चुनौतियों का सामना करना पड़ा।

फिरोजशाह तुगलक जैसा ताकतवर सुल्तान भी अपने शासन के अंतिम दिनों में अनेक समस्याओं से घिर गया और तमाम प्रकार के षड़यंत्रों का सामना उसे करना पड़ा। इतिहासकार लिखते है वजीर की हत्या करवाकर मुहम्मद खाँ वास्तविक शासक बन गया, फिरोज नामधारी सुलतान बना रह गया।'' [4]

Social Research Foundation, Kanpur

फिरोज के समय में दासों के विभाग 'दीवान–ए–बंदगान की स्थापना शासन–व्यवस्था के लिए नासूर बन गई और दासों ने एक बार भयंकर विद्रोह किया जिसे विवके के बल पर सुलझाकर शांत किया गया। दासों के प्रति अति सहिष्णुता और अत्यंत उदारता की नीति ने शासन व्यवस्था के लिए नित नये खतरे पैदा कर दिये। फिरोज के जीवित रहते ही उसके कल्याणकारी कार्यों पर पानी फेर दिया गया और पीड़ा तथा पश्चाताप से फिरोज का मानमर्दन हुआ। लोदियों के समय में दिल्ली सल्तनत को जो चुनौतियाँ मिली वे आगे जाकर इस वंश के लिए पतनकारी सिद्ध हुई। लोदियों की लचर प्रशासनिक व्यवस्था ने षड़यंत्रों के लिए आग में घी का काम किया और विद्रोहों की बाढ़ सी आ गयी। सल्तनत काल के मुस्लिम शासकों के साथ–साथ हिन्दू शासकों को भी अनेक कुचक्रों का सामना करना पड़ा। यदि षड़यंत्रों और विद्रोहीं पर किसी सल्तनतकालीन शासक ने व्यवस्थित रूप से नियंत्रण किया है तो वह अलाउद्दीन खिलजी है।

खिलजी की शासन व्यवस्था अर्थतंत्र की मजबूती, सुगठित सेना और आक्रामक तरीके से विद्रोह दबाने की शैली ने अन्य सलतनकालीन सुलतानों के मुकाबले उसे इतना अधिक ताकतवर बना दिया कि उसके समय में षड़यंत्र करने वाले एक बारगी तो भयंकर रूप से कांप जाते थे। दिल्ली सल्तनत को ऐबक और इल्तुतमिश ने संवारा और आगे चलकर बलबन ने मजबूत और विकसित किया, उसे आगे के लगभग 100 वर्षों तक अनेक राजनीतिक झंझावातों का सामना करना पड़ा और फिरोज तुगलक तथा अलाउद्दीन जैसे शासक ही बड़ी हद तक दिल्ली सल्तनत का इकबाल बुलंद रख पाए।

कामेश्वर प्रसाद ने दिल्ली तख्त के लिये संघर्ष करने वाले सल्तनकालीन खिलजियों पर टिप्पणी करते हुए लिखा है ''खिलजियों में सुलतान की मृत्यु के बाद अथवा उसके जीवन काल में ही महत्वाकांक्षी व्यक्ति शासक बनने के लिए षड़यंत्र और तलवार का सहारा लेते थे। इस प्रक्रिया में अमीरों की बन आती थी तो सदैव अपना प्रभाव बढ़ाना चाहते थे। जलालुद्दीन फिरोज खिलजी की षड़यंत्र रचकर अलाउद्दीन ने हत्या

Social Research Foundation, Kanpur

करवाई और सुलतान बना। उसके शासनकाल के उत्तरार्द्ध में मलिक काफूर ने षड़यंत्र कर शहाबुद्दीन के दो पुत्रों–खिज्र खाँ और शादी खाँ की आंखें फोड़वाकर मार डाला। मुबारक खाँ को मारने का षड़यंत्र हुआ लेकिन उसने स्वयं काफूर की हत्या करवा डाली।''[5]

दिल्ली सल्तनत में लगातार उभरे षड़यत्रों के मूल में जाकर कारणों पर विचार किया जाए तो हम देखते हैं कि तुर्क, अफगानों में उत्तराधिकार के नियम तय नहीं थे। सैद्धान्तिक रूप से मुस्लिम सिद्धान्तों के अनुसार सुलतान को पुरुष, व्यस्क एवं धर्म में आस्था रखने वाला व्यक्ति होना चाहिए था। किन्तु रजिया और मुहम्मद तुगलक जैसे शासकों ने जैसे इन सिद्धान्तों का खंडन ही कर डाला था। सुलतानों को पद वंशानुगत नहीं था, बल्कि ''मिल्लत'' को ही अधिकार था कि वह सुलतान का चुनाव करे। सिद्धान्तः इस्लामी व्यवस्था को बनाए रखने के बावजूद मुस्लिम शासन व्यवहार में इनका पालन नहीं कर सके। 'शरा' को अहमियत देते हुए भी दिल्ली के सुलतान निर्वाचन से सुलतानशाही जैसे व्यवस्था नहीं बना पाएं। राजपूतों के प्रभाव में आकर वंश आधारित शासन चलाने के प्रयास बढ़ने लगे जिससे पारिवारिक षड़यंत्रों की भरमार हुई और एक भाई दूसरे भाई के खून का प्यासा होने लगा। वास्तव में तलवार की मजबूती रखने वाला व्यक्ति तो शासक बनता ही था किन्तु उससे भी अधिक चतुर और परिस्थितियों को आक्रमक ढंग से भुनाने वाला व्यक्ति सत्ता को कब्जे में करता था।

सल्लतनतकाल स्वार्थों और लिप्साओं से भरे रक्तरंजित इतिहास का गवाह रहा है। शासकों के बड़े से बड़े गुनाह भी जनता माफ कर देती थी। मुहम्मद तुगलक द्वारा गद्दी पर षड़यंत्रपूर्वक कब्जा करने के बाद जनता और दरबारियों के प्रति किया गया उसका व्यवहार इसकी पुष्टि करता है– ''दिल्ली प्रवेश करते समय उसने खुले हाथों जनता पर सोने–चाँदी के सिक्कों की बौछार की। दरबारियों को भी पर्याप्त धन दिया गया। अपने समर्थकों एवं विश्वास पात्रों के बीच उसने पदों एवं उपाधियों का वितरण भी किया। इससे जनता और दरबारी सभी भूल गए कि उसने अपने पिता की हत्या कर गद्दी प्राप्त की थी।'' [6]

Social Research Foundation, Kanpur

इस प्रकार गौरी के बाद कुतुबुद्दीन, इल्तुतमिश, रजिया और बलबन जैसे गुलामवंशीय शासकों ने तमाम प्रकार के विद्रोहों, संघर्षों और षड़यंत्रों के बावजूद दिल्ली सल्तनत को मजबूत किया वहीं बलबन के राजत्व का सिद्धांत अनेक षड़यंत्रों और कुचक्रों पर भारी पड़ा।

खिलजियों में फिरोज, अलाउद्दीन आदि ने बेहतरीन से शासन संभाला किन्तु कुतुबुद्दीन मुबारकशाह और नासिरूद्दीन खुसरो खां जैसे शासकों के समय हुए षड़यंत्रों ने बाजी पलट दी।

गयासुद्दीन बलवन, मुहम्मद तुगलक, फिरोज तुगलक आदि का शासन भी षड़यंत्रों के प्रसंगों से भरा रहा है। सैयद वंश से लेकर लोदी वंश तक षड़यंत्रों की कहीं अनकही घटनाएँ हुई।

वास्तव में समूचा सलतनतकाल षडयंत्रों की कथाओं से भरा पड़ा है किन्तु इतिहास विदों के लिए इन षड़यत्रों में भी पर्याप्त आलोचनात्मक सामग्री है।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची

1. *दिल्ली सल्तनत – (799 से 1526 ई. तक) डॉ. आशीर्वादीलाल श्रीवास्तव पृष्ठ 107–108, शिवलाल अग्रवाल एडं कंपनी आगरा।*
2. *भारत का इतिहास (1200–1760 ई.) शर्मा, व्यास, पृष्ठ 84 पंचशील प्रकाशन जयपुर।*
3. *दिल्ली सल्तनत (799 से 1526 ई. तक) डॉ. आशीर्वादीलाल श्रीवास्तव पृष्ठ 251, शिवलाल अग्रवाल एंड कंपनी आगरा*
4. *भारत का इतिहास (1206–1526) कामेश्वर प्रसाद, पृष्ठ 86 भारती भवन, पटना*
5. *भारत का इतिहास (1206–1526) कामेश्वर प्रसाद, पृष्ठ 61 भारती भवन, पटना*
6. *भारत का इतिहास (1206–1526) कामेश्वर प्रसार, पृष्ठ 68, भारती भवन पटना*

Social Research Foundation, Kanpur

Research Current, ISBN : 978-81-951728-0-1

समीक्षा – ''पिताश्री का त्याग''

उत्सव जैन

नौगामा

जिला बांसवाड़ा, (राजस्थान)

Social Research Foundation, Kanpur

प्रस्तावना

पिताश्री का महान उपकार नामक पुस्तक में माता–पिता, परिवार में सौहार्दपूर्ण वातावरण में रहकर संस्कारित जीवन जीने का वर्णन पढ़ने योग्य है। यह कृति नई पीढ़ी में नई ऊर्जा, साहस संस्कार एवं समाज में मर्यादित रहकर जीवन यापन का अच्छा चित्रण किया गया है।

वर्तमान में अपनी संतान को कैसे आत्मनिर्भर बनाना, पिताजी की जिम्मेदारियाँ, पाश्चात्य संस्कृति से परे रहना, समाज एवं रिश्तेदारों में ताल–मेल, बच्चों को शिक्षित करना, बेटियों को पढ़ाकर आत्मनिर्भर बनाना, संस्कारित परिवार में बेटियों का ब्याह करना, योग्य वर देखना, क्योंकि आज खानपान एवं खानदान दोनों पर विचार करना जरूरी हो गया है। इसका अच्छा लेखन कर सुखद जीवन के महत्व को लेखक ने दर्शाया है। एकल परिवार के परिणाम एवं संयुक्त परिवार के आनन्द को ख्यातिनाम कवि एवं साहित्यकार उत्सव जैन जिला बांसवाड़ा (राजस्थान) ने कृति में अच्छी रचना के माध्यम से समझाया। यह कृति घर–घर तक पहुँचे। ऐसी लेखक की भावना है। कि तथा मैं इनके प्रयासो की सराहना करता हूँ।

पिता श्री का महान उपकार

परम पिता परमेश्वर कहते ही पिताजी का नाम पवित्रता, त्याग, समर्पण, साहस, स्वाभिमान के साथ जुड़ जाता है। ईश्वर भी जानता है कि पिता का दायित्व ही सर्वोपरि है। इसलिये प्रितृ सत्तामक राज्य में पुत्र–पुत्री की उत्पत्ति पर पिताजी का नाम लिखा जाता है। इससे यह स्पष्ट होता हैं

कि जितना माँ का त्याग–समर्पण है। उतना पिताश्री का भी है। किन्तु माँ का ममत्व संतान को बड़ा करने तक जिम्मेदारी समझे तो पिता का दायित्व समाज की मर्यादा पुत्र–पुत्री की शिक्षा, संस्कार, परिवार, विवाह उस पर पूरी जिम्मेदारी आ जाती है। पिताजी को पग–पग पर सर्तक रहना पड़ता है। क्योंकि संतान संस्कारवान् निकली तो पिताजी को गर्व होता है। वरना आज स्थिति नई पीढ़ी की देख रहे है। व्यसन, बेरोजगारी, गलत वातावरण में संतान को अनुशासित रखना समुद्र में मोती ढूढ़ना जैसा लगता है। क्योंकि संतान बीज की भांति है, उसको समय पर ध्यान नहीं दिया तो अंकुरित नहीं होगा। उसी प्रकार संतान का नैतिक शिक्षा नहीं दी गई तो भावी पीढ़ी पर गलत परिणाम देखने को मिलेगें। इसीलिये पिताजी स्वंय त्याग एवं निःस्वार्थ भावना से परिवार के प्रति समर्पित होकर भूख, प्यास को सहन करते हैं वह कभी अपनी सन्तान को दुखी नहीं देखना चाहते है। हम सब ने देखा है कि पुत्र के बड़ा होने पर योग्य लड़की ढुढना पिताजी की जिम्मेदारी बनती है। क्योंकि योग्य सुशील बहू नहीं मिली तो पूरे खानदान की इज्जत धूमिल हो जाती है। वर्तमान में काफी उदाहरण देखने को मिलते है कि सास–बहू में झगड़ा, बूढ़े सास–ससूर की सेवा नहीं करना, बूढ़े सास–ससूर को बुढ़ापे में दो रोटी के लिए मोहताज होना पड़े शादी के बाद अपना स्वयं का बेटा पराधीन केवल बहू की ना समझी से अलग–अलग हो जाना। कई बार देखा है आजकल बहू द्वारा दहेज एवं अन्य आरोपों से पूरे परिवार को अदालत के चक्कर काटने पड़ते है। केवल बहू के दिमाग में सास–ससूर को अपना न समझना ही बड़ी भूल माना जाये तो कोई दोराय नहीं। बहू यह समझ ले की ससुराल भी मेरी जन्म स्थली, माता–पिता एवं अपना ही परिवार है ऐसा समझ ले तो कोई ताकत नहीं कि परिवार को कोई आंच आ सके। लेखक कहता हैं कि बहू में यह संस्कार अपने माता–पिता से मिल जाये कि ससुराल ही मेरी जिन्दगी का आधार स्तम्भ है तो वही बहू परिवार, खानदान का नाम रोशन कर सकती है। रामायण को यदि आज की बहू पढ़ ले तो ससुराल में विपरीत परिस्थितियों में सीताजी ने सास–ससुर के वचनों का पालन किया वह जग

Social Research Foundation, Kanpur

जाहिर है। भले सास ने चौदह साल का वनवास दे दिया लेकिन राजा जनक की खानदानी सुपुत्री ने अपने पिताजी से भी शिकायत न करते हुए स्त्री धर्म को निभाया। वरना सीताजी चाहे वह कर सकती थी। लेकिन उसने सोचा यह कर्मो का फल ही है। आज ऐसा समय आता तो पहले सास–ससुर को कटघरे में खड़े कर देते। अपने पति को सम्बन्ध विच्छेद हेतु कानुनी कार्यवाही करते। आप जानते हो पिताजी पर कितनी बड़ी जिम्मेदारी आ जाती है। रामायण में यह प्रसंग पढ़ने पर आश्चर्य होता है। राजा दशरथ अपनी पत्नी को वचनबद्ध होने से अपने पुत्र श्रीराम को भी नहीं कह सकते। बहू से बात करना तो दूर ऐसी विपरीत परिस्थिति में पिता का दायित्व कैसे निभाया होगा ? यह सोचने का विषय हैं।

इसलिए पूरे खानदान की रीढ़ की हड्डी यदि पिताजी है तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी। जहाँ तक महिलाओं का मामला है। वहॉ पिताश्री को मौन रहने में ही फायदा है। कई बार वर्तमान में पिताजी पर इतने सामाजिक दबाव आ जाते है कि स्वयं पिताश्री इधर कुआँ उधर खाँई वाली स्थिति आ जाती है। उस समय स्वयं का निर्णय, अनुभवों से लिया हुआ ज्ञान ही आत्म विश्वास को जगाता है।

वर्तमान में यह देखा गया है कि अपनी लाड़ली बेटी के लिए योग्य वर की एवं पूरे खानदान की जानकारी के बाद सम्बन्ध करना अति आवश्यक है वरना वर पक्ष काफी बार धोखा दे देता है। उस समय उस बेटी का दाम्पत्य सुख खत्म हो जाता है। उसमें पिताश्री की भूमिका अहम् रहती है। हम सबने देखा है कि बेटी की शादी के बाद विदाई होती है। तो पिताश्री को सबसे ज्यादा दुख होता है। क्योंकि बेटी पिताजी का एक सहारा माना जाता है। बहू तो सेवा सुश्रुषा में कमी नहीं रखती फिर भी बेटी का ममत्व माँ से भी ज्यादा पिताश्री पर रहता है। साथ ही बेटी को पिताश्री का स्वाभिमान, हौसला ही आगे बढ़ाता है। इसलिये हर बेटी को पिताश्री पर गर्व है। जिनके पिता अल्प आयु में इस दुनिया में नही है उनका परिवार दुख के सागर में डुबा रहता है। उस समय बेटी का दुख देखा नहीं जाता है। बेटी मानो बेसहारा हो जाती है और इधर बेटी का

Social Research Foundation, Kanpur

ससुराल जाना पिताजी के लिये अकेलापन महसूस होता है। यह संसार बड़ा विचित्र है। हम सबने देखा है। बेटी लगातार ससुराल में रहते हुए अपने सास–ससुर के साथ अपने पिताश्री के बारे में ज्यादा चिन्तित रहती है। यदि इस दरम्यान पिताजी का स्वर्गवास हो जाये तो बेटी सबसे ज्यादा रोती है। वह जानती है कि पिताजी थे तब तक यह घर परिवार भाई–भाभी मेरे थे। पिताजी के बाद दूरियाँ स्वतः बन जाती है। भाई–भाभी बुलावे या नहीं बुलावे वहां बेटी का अधिकार कम हो जाता है। आपको मालूम होगा पिताजी की मृत्यु के समाचार सुनते हो बेटी का विलाप सबके ऑखो में ऑसू ला देता है। जब शव यात्रा का समय आता है बेटी पिताजी के अंतिम दर्शन के बाद पैतृक निवास पर बेटी द्वार के दहलीज पर खड़ी होकर रोती है कि अब मेरा अन्दर प्रवेश अधिकार पूर्वक नही पराधीन होकर माँ को मिलने, भाई–भाभी को मिलने आना पड़ेगा। देखो क्या विचित्र स्थिति होती है। पिताश्री की मौजूदगी में पूरा अधिकार बेटी का था। पिताजी जाने के बाद वहीं मकान वही जन्मस्थली परायी लगती है। तो आप मानो पिताजी का प्रभाव त्याग इस बात का द्योतक है कि परिवार के मुखियाँ के बिना घर सूना–सूना लगता है। यद्यपि यह कहने में मुझे कोई संकोच नहीं कि माँ की ममता कोई कम नहीं है। उसका वात्सल्य सम्पर्ण धरती के समान है क्योंकि गंभीरता, साहस, करूणाा माँ के बराबर कोई इस दुनिया में सर्वोपरि स्थान नहीं ले सकता।

दम्पति सुख के बाद संतानोर्त्पात्त में माता–पिता की जिम्मेदारी बढ़ जाती है। बच्चों के परवरिश से लेकर शिक्षा, संस्कार, रोजगार कर उनकी शादियाँ यह सब कठिन काम है। फिर भी संसार रूपी गाड़ी को चलाने के लिये यह अतिआवश्यक है। इसमें भी अपना भाग्य, धर्म अच्छे कर्म ही सहयोग करते है। वरना कहा गया है कि

Social Research Foundation, Kanpur

''पुतः कपूत तो क्यों धन संचय।
पुत सपूत तो क्यों धन संचय''।।

अतः पुत्र–पुत्री योग्य बन जाये यह सब अच्छे संस्कारों के परिणाम माने जाते है वरना ''भाग्य हीन खेती करे, बैल मरे या सूखा पड़े'' वाली स्थिति भी आती है। लेकिन उस समय आदमी को धैर्य नहीं खोना चाहिये। हिम्मत से काम लेते हुए यह सोचना चाहिये कि इतिहास के पन्नो को देखा जाये तो महाराणा प्रताप, झांसी की रानी लक्ष्मी बाई, हाडारानी का प्रसंग सुनते है तो वह संकट वह परिस्थितियाँ आज नहीं है। केवल हमनें आधुनिकता की दौड़ में तनाव, दिल और दिमाग में बिठा रखा है। देख लो महाराणा प्रताप को जिन्होंने अपनी संतान को घास की रोटी खिलाने की स्थिति वह समय कैसा होगा। उस समय साहस से काम लिया जो अमर हो गये। वर्तमान में आवश्यकताऐं बढ़ा दी। आवक कम रही। भौतिक संसाधन बढा दिये परिवार में अकेलापन आदमी पर अधिक बोझ होने से जिम्मेदारीयॉ बढ़ जाती है। आज का समय कोई सहयोग की भावना से कार्य नहीं करके स्वार्थपन आ गया। पहले संयुक्त परिवार से काम का बंटवारा सभी को अपने–अपने कार्य की जिम्मेदारी तथा सौहार्दपूर्ण स्वच्छ वातावरण, खुली जगह बिमारियाँ कम, खानपान में शुद्धता से उम्र में बढ़ोतरी रही। अब एकान्तवाद ओर भय का वातावरण लौकिक शिक्षा में नैतिक शिक्षा का अभाव संस्कारों की कमी, रोजागारोन्मुक शिक्षा का अभाव प्रदूषित वातावरण से आदमी परेशानी में अपना जीवन यापन कर रहा है। ऐसे वातावरण में अपनी संतान को संस्कारित, शिक्षित एवं आत्म निर्भर बनाना बड़ा मुश्किल सा प्रतीत होता है। इसलिये परिवार के मुखिया पर दोहरी जिम्मेदारी बढ़ जाती है। घर का मुखिया स्वयं अपने लिये इस आपाधापी में सुविधा आत्मकल्याण नहीं कर पूरे परिवार के लिये ''कोल्हू के बैल'' की भांति दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति में अपना जीवन समाप्त कर देता है। लेखक कहता हैं कि संतान को प्रातः देवदर्शन एवं माता–पिता के चरण स्पर्श अनिवार्य करने पर दैनिक चर्या में शान्ति का वातावरण एवं संस्कारो में बढ़ोत्तरी होगी। वरना वर्तमान समय देखते हुए ऐसा लग रहा है

Social Research Foundation, Kanpur

कि अपनी संतान अपने रिश्तेदार, परिवार को भूल कर त्यौहार आदि को भूल कर, कम्प्यूटर, मोबाईल से दिमाग में प्रदूषित वातावरण से सेवा सुश्रुषा, त्याग, करूणा, यह केवल भाषा के शब्द मात्र रह जायेगें। जो अपने पिताजी ने त्याग किया। उसे भूल जायेगें।

महापुरूषों, बुजुर्गो के अनुभव को अनिवार्य रूप से नई पीढ़ी को बताना चाहिये। अन्यथा फिल्मों के फूहड गानो में नई पीढ़ी उलझ जायेगी। फैशन की दौड में पुरूष एवं महिलाओं के वस्त्र कम कर दिये आज आवश्यकता है पुराने गानों की जो दिल और दिमाग में राष्ट्रभक्ति, समाज, परिवार, माता–पिता के बारे में ज्ञानवर्द्धक बना सके। आज जरूरत है खुब लड़ी मर्दानी वो तो झॉसी वाली रानी थी। सारे जहॉ से अच्छा हिन्दुस्तान हमारा। क्या जरूरत पड़ी पैसों के खातिर फिल्मी गीतकारों ने मुन्नी बदनाम हुई, प्यार किया तो डरना क्या जैसे गीत पूरे वातावरण में संस्कार विहिन बना दिया। अतः आज इस पर जोर दिया जाये कि फूहड़ गानों पर रोक लगाकर स्वच्छ वातावरण पैदा करने वाले हमारी संस्कृति के अनुरूप गाने बाजार में आवे तो नई पीढ़ी में परिवार, देश, समाज के प्रति क्या हमारे कर्तव्य है वह मालूम पड़ेगा। अन्यथा पाश्चात्य सस्कृति में हम डूब जायेगें। फिर अपनी संतान अपने काबू में नही रहेगी। कौन भाई बहिन, कौन माता–पिता कौन रिश्तेदार यह प्रश्न अपनी संतान अपने से पूछेगी। उस समय ऐसा लगेगा। "चिड़िया चुग गई खेत" वाली कहावत चरितार्थ होगी।

इसलिये पिताजी पर यह जिम्मेदारी ओर आ पड़ी की ऐसे दुषित वातावरण से अपनी संतान को दूर भले नही रख सके लेकिन सर्तक जरूर कर सके। आज बच्चे शिक्षा रोजगार के लिये देश के महानगरो, विदेशों में रहते है। उस समय अभिभावक की जिम्मेदारी बढ़ जाती है कि वह पाश्चात्य संस्कृति में हमारी संतान न डूब जाये। बराबर नैतिक शिक्षा, मर्यादा, अनुशासन हमारी संस्कृति की जानकारी देते हुए पिता श्री की भी जिम्मेदारी बनती है कि वह स्वयं कुव्यसनों से दूर समाज में मिलनसार, परिवार एवं रिश्तेदारों से मेलजोल रखकर अपना जीवनयापन करे तो ही सुसंस्कारित परिवार बन सकता है। मैं जानता हूँ कि पिताजी स्वयं अपनी

Social Research Foundation, Kanpur

